Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 281 | रविवार, 12 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## नागपुर में बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत

# देश को मजबूत करना हर नागरिक की जिम्मेदारी



नई दिल्ली।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस जैसी संस्था केवल नागपुर में ही बन सकती थी क्योंकि यहां पहले से ही त्याग और समाज सेवा की भावना थी। संघ प्रमुख ने कहा कि देश में कई लोग हिंदुत्व पर गर्व करते थे और हिंदू एकता की बात करते थे। मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस ने हाल ही में दशहरे पर अपने 100 साल पूरे किए हैं।

इसकी स्थापना 1925 में डॉक्टर हेडगेवार ने नागपुर में ही की थी। इसका उद्देश्य समाज में अनुशासन, सेवा संस्कृति, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी के भाव को पैदा करना था। नागपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा, ञ्देश को मजबूत बनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जब हम राष्ट्र के लिए काम करते हैं तो इससे हमारा ही हित होता है। जो देश अच्छा करता है वही सुरक्षित और सम्मानित रहता है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज की स्थापना अपने लिए नहीं, बल्कि ईश्वर, धर्म और राष्ट्र के लिए की थी। उन्होंने लोगों को एक महान उद्देश्य से जोड़ा था। उनकी एकता की भावना ने समाज को ताकत दी। जब तक उनके आदर्श जीवित रहे तब तक समाज में प्रगति और विकास होता रहा। उनके विचारों ने आगे चलकर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरित किया। संघ प्रमुख ने कहा कि हमें इतिहास से सीख लेनी चाहिए और उन लोगों को निस्वार्थ भावना से याद रखना चाहिए जिन्होंने समाज और देश के हित के लिए काम किया है।

> ■ मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस ने हाल ही में दशहरे पर अपने 100 साल पूरे किए हैं।

## पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में गुलाबी ठंड

**नई दिल्ली/शिमला।** हिमालयी क्षेत्र में इस बार समय से पहले बर्फबारी शुरू हुई है। आमतौर पर जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अक्तूबर के आखिर या नवंबर में बर्फबारी शुरू होती है और दिसंबर तक भारी हिमपात होता है। लेकिन इस बार अक्तूबर के पहले हफ्ते से ही इन राज्यों में बर्फ गिरने लगी है। उत्तर-पश्चिम भारत में मानसून की वापसी के साथ ही गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। हिमाचल प्रदेश समेत पश्चिमी हिमालयी राज्यों में पहाड़ों की ऊंची चोटियों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। उत्तराखंड में हेमकुंड साहिब और केदरनाथ धाम समेत कई जगहों पर दो फीट तक बर्फ जब गई है। इससे, पहाड़ी राज्यों के ऊंचाई वाले इलाकों में जहां रात का पारा शून्य को छूने लगा है, वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत मैदानी राज्यों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे आ गया है। हालांकि, लौटते मानसून के कारण पूर्वी और दक्षिण भारतीय राज्यों में कई स्थानों पर भारी बारिश का दौर भी जारी है। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के इलाकों में अभी भी हल्की बारिश होने की संभावना है।

## घर में घुसा 10 फीट लंबा विशालकाय मगरमच्छ



नई दिल्ली।

कोटा ग्रामीण के इटावा उपखंड के बंजारी गांव में शुक्रवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ग्रामीण के घर में 8 से 10 फीट लंबा मगरमच्छ घुस आया। मगरमच्छ को देखकर घरवालों के साथ-साथ आसपास के लोग भी सन्न रह गए। इसके बाद ग्रामीणों ने आनन-फानन में मगरमच्छ की जानकारी प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों को दी। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। जब वन विभाग या फिर प्रशासन से मदद नहीं मिली तो गांव के लोगों ने वन्य जीव प्रेमी हयात खान 'टाइगर' से संपर्क साधा। इसके बाद हयात खान अपने साथियों के साथ तुरंत गांव पहुंचे। रात के अंधेरे में और विशाल मगरमच्छ को देखते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन करना आसान काम नहीं था। हयात खान और उनकी टीम ने करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को काबू करने में कामयाबी हासिल की। इसके बाद हयात खान ने मगरमच्छ को अपने कंधे पर उठाकर गांव के बाहर निकाला और सुरक्षित रूप से चंबल नदी के किनारे छोड़ दिया।

## जहरीले कफ सीरप पर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहा रंगनाथन




नई दिल्ली।

मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सीरप कोल्ड्रिफ से 23 बच्चों की मृत्यु के मामले में निमार्ता कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल का मालिक जी. रंगनाथन अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहा है। वह बार-बार एक ही रट लगा रहा है कि उसे इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

छिंदवाड़ा पुलिस की एसआइटी ने शनिवार को रंगनाथन से लगभग छह घंटे तक पूछताछ की, जिसमें उसने गोलमोल जवाब दिए। पूछताछ के दौरान एसआइटी ने यह जानने का प्रयास किया कि गड़बड़ी कैसे हुई, गुणवत्ता की जिम्मेदारी किसकी थी और कफ सीरप में औद्योगिक उपयोग वाला प्रोपेलीन ग्लाइकाल क्यों मिलाया गया, जो जानलेवा डीईजी में परिवर्तित हो गया।

रंगनाथन ने कहा कि कंपनी में सभी को अलग-अलग कार्य सौंपे गए थे और इसलिए उसे यह नहीं पता कि गलती कहां हुई। एसआइटी अब कंपनी के अ न्य अधिकारियों और कर्मचारियों से भी पूछताछ करने की योजना बना रही है और इनमें से कुछ को आरोपित भी बनाया जा सकता है। एसआइटी रंगनाथन को रविवार को कांचीपुरम स्थित प्लांट पर भी ले जाएगी।

> पूछताछ में दिए गोल मोल जवाब

## भारत से रिश्ते सुधारने में लगे ट्रंप, अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने की जयशंकर ने मुलाकात

नई दिल्ली।

भारत-अमेरिका संबंधों और इसके वैश्विक महत्व पर चर्चा हुई। उन्हें उनकी नई ज़िम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, 9 से 14 अक्टूबर तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान गोर के साथ प्रबंधन एवं संसाधन उप-सचिव माइकल जे. रिगास भी मौजूद रहेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की, जो सीनेट द्वारा उनकी नियुक्ति की पुष्टि के बाद छह दिवसीय नई दिल्ली यात्रा पर हैं। जयशंकर ने पर पोस्ट किया आज नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत-पदनामित सर्जियो गोर से मिलकर प्रसन्नता हुई। भारत-अमेरिका संबंधों और इसके वैश्विक महत्व पर चर्चा हुई। उन्हें उनकी नई ज़िम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, 9 से 14 अक्टूबर तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान गोर के साथ प्रबंधन एवं संसाधन उप-सचिव माइकल जे. रिगास भी मौजूद रहेंगे। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और अमेरिका रणनीतिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। दोनों पक्ष एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और प्रौद्योगिकी एवं रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीके तलाश रहे हैं। अमेरिकी दूतावास के अनुसार, हाल ही में भारत पहुँचे गोर बाद में औपचारिक रूप से अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करेंगे।



## बंगाल में आरजी कर जैसी एक और वारदात

नई दिल्ली।




मेडिकल छात्रा के पिता ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें उनकी बेटी के दोस्त ने घटना की सूचना दी। उन्होंने आरोप लगाया, जब मैं वहाँ पहुँचा, तो मेरी बेटी की हालत गंभीर थी और अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पश्चिम बंगाल में एक निजी मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा को अस्पताल परिसर में कथित तौर पर घसीटकर उसके साथ बलात्कार किया गया। यह घटना 2024 के आरजी कर मामले की याद दिलाती है, जिसमें एक जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या कर दी गई थी। पीड़िता, जो ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है, राजधानी कोलकाता से 170 किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्र दुगार्पुर के शोभापुर के पास स्थित एक निजी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। सूत्रों के अनुसार, छात्रा शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे अपने एक पुरुष मित्र के साथ परिसर से बाहर निकली थी। परिसर के गेट के पास एक व्यक्ति उसे कथित तौर पर अस्पताल के पीछे एक सुनसान इलाके में खींचकर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया।

## प्रशांत किशोर का बड़ा दावाः राघोपुर में तेजस्वी की कुर्सी जाएगी, राहुल वाला हश्र होगा!



नई दिल्ली।

प्रशांत किशोर ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव की राघोपुर सीट पर हार का दावा किया है, जिसकी तुलना उन्होंने 2019 में राहुल गांधी की अमेठी हार से की है। जन सुराज पार्टी के संस्थापक अब राघोपुर में स्थानीय कार्यकताओं से मिलकर अपनी केंद्रीय समिति के लिए उपयुक्त उम्मीदवार का चयन करने की रणनीति बना रहे हैं। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शनिवार को दावा किया कि राजद नेता तेजस्वी यादव आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में अपनी राघोपुर विधानसभा सीट हार जाएँगे, ठीक उसी तरह जैसे छह साल पहले उत्तर प्रदेश के अमेठी लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के राहुल गांधी को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा था।

## आत्मनिर्भर कृषि का संकल्प

# पीएम मोदी ने दो प्रमुख योजनाओं की शुरूआत की, कांग्रेस पर कसा तंज

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री मोदी ने 35,440 करोड़ रुपये की लागत से कृषि क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण योजनाएं, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, शुरू कीं। ये योजनाएं कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, भंडारण क्षमता सुधारने और किसानों को ऋण उपलब्ध कराने पर केंद्रित हैं, जिसका लक्ष्य ग्रामीण भारत का समग्र विकास और किसानों का कल्याण सुनिश्चित करना है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कृषि क्षेत्र में 35,440 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली दो प्रमुख योजनाओं, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक विशेष कृषि कार्यक्रम में इन योजनाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, 24,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और चयनित 100 जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है।

## कांग्रेस नेता ने की राहुल के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग

नई दिल्ली।

कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट राजपूत ने कहा कि इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार वेनेजुएला के विपक्ष के नेता को संविधान की रक्षा के लिए दिया गया है। भारत में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी देश के संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह राजपूत ने शुक्रवार को राहुल गांधी और 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो के बीच तुलना करते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता भी देश में संविधान बचाने के लिए लड़ रहे हैं। एक्स (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) पर एक पोस्ट में राजपूत ने कहा कि 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार वेनेजुएला के विपक्षी नेता को दिया गया था, और उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के रायबरेली से सांसद गांधी भी इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के हकदार हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट राजपूत ने कहा कि इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार वेनेजुएला के विपक्ष के नेता को संविधान की रक्षा के लिए दिया गया है। भारत में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी देश के संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। सुरेंद्र राजपूत के पोस्ट पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लिए नोबेल शांति पुरस्कार की मांग पर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। शहजाद पूनावाला एक्स पर एक किए पोस्ट में राहुल गांधी की तुलना मारिया कोरिना से करने को विचित्र बताया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, कांग्रेस राहुल बाबा के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग कर रही है, यह विचित्र है। उन्हें यह पुरस्कार 1 पाखंड, झूठ, 99 बार चुनाव हारने और 1975 और 1984 में लोकतंत्र और संविधान की हत्या के लिए मिलना चाहिए।



## संपादक की कलम से

# सरकारी नौकरी का प्रण

राजद नेता तेजस्वी यादव ने ऐसा चुनावी दांव खेला है, जो अभी तक किसी भी दल और नेता ने नहीं खेला। तेजस्वी इसे चुनावी जुमला नहीं, बल्कि प्रण मान रहे हैं। उन्होंने 2020 के चुनाव की तरह इस बार भी बेरोजगारी को प्रमुख मुद्दा बनाने की कोशिश की है। तब वह 17 माह तक उपमुख्यमंत्री के पद पर रहे थे। राजद के नेता और प्रवक्ता दावे करते रहे हैं कि तब तेजस्वी ने 5 लाख नौकरियां दीं। ऐसा कोई सरकारी डाटा उपलब्ध नहीं है। हालांकि करीब 1.5 लाख नौकरियां देने का ब्योरा सरकारी रिकॉर्ड में है, लेकिन तब भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे। उनकी पार्टी भी इन नौकरियों का ढोल बजा रही है, जो गलत नहीं है। बहरहाल अब तेजस्वी का प्रण है कि बिहार में उनकी सरकार बनी, तो 20 दिन में ही एक अधिनियम पारित कराया जाएगा और उसके 20 महीने के भीतर हर घर में एक सरकारी नौकरी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने दावा किया है कि अध्ययन किया जा चुका है। बिहार में घर-घर सरकारी नौकरी देना संभव है, लेकिन हम ऐसा नहीं मानते, क्योंकि तेजस्वी ने अध्ययन का कोई भी आधार सार्वजनिक नहीं किया है। उसके अलावा, कुछ बुनियादी और अहम सवाल भी हैं। बिहार में 2.76 करोड़ परिवार हैं। कुछ 3 या 3.50 करोड़ परिवारों की बात कर रहे हैं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में 2.76 करोड़ से कुछ अधिक परिवार दर्ज हैं। माना जा सकता है कि कई परिवारों में पहले से ही सरकारी नौकरी वाले सदस्य होंगे। फिर भी मोटा अनुमान है कि कमोबेश 2 करोड़ नौकरियों का सृजन करना होगा, तभी संभावित तेजस्वी सरकार का प्रण पूरा किया जा सकता है। ऐसा करना हमें तो अवास्तविक, बल्कि असंभव लगता है। दरअसल बिहार सरकार में 46 विभाग हैं, जिनमें 10 प्रशासनिक विभाग हैं। शेष कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आदि के विभाग हैं। राज्य में करीब 14 लाख नौकरियां हैं और 4 लाख से ज्यादा नौकरियां रिक्त पड़ी हैं। बिहार में मात्र 1.57 फीसदी लोगों को ही सरकारी नौकरी नसीब है। राज्य की मात्र 4.92 फीसदी आबादी को कोई न कोई रोजगार उपलब्ध है। लिहाजा व्यापक स्तर पर लोग पलायन करते हैं। उनमें से अधिकांश बिहारी बड़े शहरों में रिक्शा, ई-ऑटो चलाते हैं और दिहाड़ीदार मजदूरी करते हैं। उनकी महिलाएं घरों में झाड़ू-पोंछा करती हैं। कुछ अच्छी रसोइया भी हैं, लिहाजा खाना बनाने का काम मिल जाता है। पहला सवाल तो यही है कि सरकारों ने 4 लाख से अधिक नौकरियों को अभी तक क्यों नहीं भरा? दूसरा सवाल यह है कि तेजस्वी 10-15 गुना नौकरियां कहां से पैदा करेंगे? उनके बजटीय संसाधन कैसे तय किए जाएंगे? केंद्र सरकार की नौकरियों पर तो तेजस्वी भर्तियां नहीं कर सकते। राज्य के मौजूदा विभागों के वर्गीकरण और विस्तार कितने संभव हैं? इन तमाम सवालों के मद्देनजर तेजस्वी ने किसी भी फॉर्मूले का खुलासा नहीं किया है। इसके अलावा, बिहार की आर्थिक स्थिति तो शाश्वत है। तेजस्वी आर्थिक न्याय तभी मुहैया करा सकेंगे, जब आर्थिक संसाधन सरकार के पास होंगे। नए संसाधन, नए उद्योग-कारखाने कहां से आएंगे और बजट भी 3.16 लाख करोड़ रुपए का है। उसे एकदम 4 लाख करोड़ रुपए का नहीं किया जा सकता। बिहार पर कर्ज बढ़ कर अब 4.10 लाख करोड़ रुपए हो गया है, लिहाजा प्रत्येक बिहारी कर्जदार है। सबसे चुनौतीपूर्ण स्थिति यह है कि राज्य में 33.7 फीसदी बेरोजगार ऐसे हैं, जो कमोबेश स्नातक हैं। उन्हें यथाशीघ्र नौकरी चाहिए। इस बार 14 लाख नए मतदाता भी जुड़े हैं, जो पहली बार वोट देंगे। जाहिर है कि उनकी उम्र भी नौकरी के लिए पात्र हो गई है। दूसरी तरफ सत्तारूढ़ गठबंधन की सरकार ने आगामी 5 साल में, यानी 2030 तक, 1 करोड़ नौकरी/रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य घोषित किया है। उनकी 10,000 रुपए वाली योजना चुनाव में गेमचेंजर साबित हो सकती है।



ललित शर्मा
संपादक

# राजस्थान में है भारत का एकमात्र करवा माता मंदिर, यहां हर मनोकामना होती है पूरी!

करवाचौथ 2025 इस वर्ष 10 अक्टूबर को है, जहाँ राजस्थान के सवाई माधोपुर स्थित करवा माता मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है।

अरावली पर्वत पर करीब एक हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर में सच्ची श्रद्धा से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है और सुहागिनों को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है। इस बार करवाचौथ का त्योहार 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। सुहागिन महिलाओं के लिए यह व्रत बेहद खास होता है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती है। पति की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए करवा चौथ का व्रत रखा जाता है, इससे वैवाहिक जीवन में सुख प्रदान होता है। इस दिन करवा माता की पूजा की जाती है। आज हम आपको इस लेख में भारत का एकमात्र करवा चौथ माता मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। क्या मंदिर की खासियत आपको बताते हैं।

**कहां पर स्थित है करवा माता मंदिर:** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के बरवाड़ा गांव में करवा माता का मंदिर स्थित है। इस मंदिर की मान्यता काफी दूर-दूर से प्रचलित है। करवा माता मंदिर अरावली पर्वत पर करीब एक हजार फीट की ऊंचाई पर बना हुआ है। इस मंदिर के आसपास की सुंदरता देखकर आपक मन भी मोह लेगी। अस्था केंद्र के साथ ही यह एक पर्यटक स्थल भी है।

**करवा माता मंदिर की खास बातें:** इस मंदिर में पहुंचने के लिए आपको 700 सीढ़िया चढ़नी पड़ती हैं। करवा माता मंदिर में माता करवा की मूर्ति के साथ ही भगवान गणेश और भैरव की मूर्तियां विराजित है। इतना ही नहीं, इस मंदिर में करवा चौथ, भाद्रपद चौथ, माघ चौथ और लक्खी मेला भी लगता है, जिसका नजारा देखने में बड़ा आनंद आता है। मेला में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसके अलावा, नवरात्र के दौरान यहां विशेष आयोजन होते हैं। इन अवसरों पर मंदिर की सुंदरता और भव्यता देखने को मिलती है।

**मंदिर का इतिहास:** इस मंदिर का निर्माण सन 1451 में महाराजा भीम सिंह चौहान ने करवाया था, जो कि माता के परम भक्त थे। वहीं, 1452 में मंदिर का कायाकल्प किया गया था। मंदिर के मार्ग पर बिजल की छतरी और तालाब का निर्माण सन 1463 में कराया था। इस मंदिर में राजपूताने शैली की अनोखी झलक देखने को मिलती है। करवा माता का मंदिर सफेद संगमरमर से बना हुआ है।

**क्या मान्यता है:** माना जाता है कि करवा माता मंदिर में देवी मां से सच्चे मन से मांगी गई हर एक इच्छा पूरी होती है। इसके साथ ही यहां दर्शन और पूजा करने से महिलाएं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है। करवा चौथ वाले दिन इस मंदिर में भक्तों की भीड़ देखने को मिलती है।





# बसपा ने फिर दिखाई ताकत, मायावती के सियासी दांव से सपा को 'तनाव'

बसपा रैली में बहिन मायावती के भतीजे आकाश आनंद की लॉन्चिंग के साथ-साथ मायावती के सबसे करीबी माने जाने वाले नेता सतीशचंद्र मिश्रा के बेटे कपिल मिश्रा की भी लॉन्चिंग हो गई है। मायावती ने उनके कामकाज की प्रशंसा भी की। उत्तर प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से लेकर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों तक की चहल-पहल दिखने लगी है।

इसी क्रम में बसपा सुप्रीमो बहिन मायावती ने मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर शक्ति प्रदर्शन करते हुए कई राजनैतिक संदेश दिए। बहिन मायावती ने अपनी जनसभा में एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करके राजनैतिक विश्लेषकों को हैरान किया तो दूसरी ओर अगले विधानसभा चुनावों में बिना किसी गठबंधन के उतरने की घोषणा भी कर दी है। बसपा के शक्ति प्रदर्शन को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों में बसपा की बढती ताकत से समाजवादी पार्टी को नुकसान होने जा रहा है। बहिन मायावती ने न केवल यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की अपितु यह भी कहा कि यदि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी जुमला न साबित हुआ तो वह पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी होंगी। बहिन मायावती अपनी 2007 की रणनीति को अपनाते हुए पुनः सामाजिक न्याय को आधार बनाकर ही चुनावी मैदान में उतरेंगी ऐसा संकेत उनकी रैली से मिलता है। उन्होंने अपनी रैली मे भीड़ जुटा कर यह संदेश दे दिया है कि उनका कोर वोट बौंक जाटव व दलित अभी भी उनके साथ है, भले ही इस समय उनके पास विधानसभा में केवल एक विधायक और मात्र 9 प्रतिशत वोट है। बहिन मायावती अपनी रैली में भाजपा के प्रति नरम व सपा तथा कांग्रेस के प्रति गरम दिखाई पड़ीं। उन्होंने अपनी रैली में कांग्रेस व सपा पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान पर नाटकबाजी कर रही है। कांग्रेस ने देश पर आपातकाल लगाकर बाबा साहब के बनाए संविधान का अपमान किया था। कांग्रेस ने बाबा साहब का कभी भी सम्मान नहीं किया। उन्होंने केंद्र सरकार में रहने पर उन्हें आयकर और सीबीआई की जांच में फंसाने की कोशिश की ताकि डा. आंबेडकर और कांशीराम के कारवां को रोका जा सके। अब उसी कांग्रेस के लोग संविधान की प्रति हाथ में लेकर नाटकबाजी कर रहे हैं। सपा पर तीखा हमला बोलते हुए बहिन मायावती ने कहा कि सपा की सराकर में दलितों व पिछड़ों का सर्वाधिक उत्पीड़न हुआ।

उन्होंने सपा सरकार की अराजकता पर हमला किया। बसपा रैली में बहिन मायावती के भतीजे आकाश आनंद की लॉन्चिंग के साथ-साथ मायावती के सबसे करीबी माने जाने वाले नेता सतीशचंद्र मिश्रा के बेटे कपिल मिश्रा की भी लॉन्चिंग हो गई है। मायावती ने उनके कामकाज की प्रशंसा भी की। जातीय समीकरण साधने के लिए सतीशचंद्र मिश्र के अलावा उमाशंकर सिंह को भी मंच पर जगह दी गई। प्रशंसनीय बात है कि इस रैली की तैयारी बहिन मायावती और उनके कार्यकर्ता बहुत ही शांत व अनुशासित तरीके से कर रहे थे। बसपा व बहिन मायावती अपने वोटर्स के मध्य बहुत समझदारी के साथ संपर्क बनाती हैं और यही कारण है कि उनका वोटबैंक काफी सीमा तक सुरक्षित रहा है; यद्यपि 2017 के बाद जाटव मतदाता में सेंघ लग चुकी है जिसे फिर से भरोसा दिलाकर वापस लाना बहिन जी के लिए एक कठिन चुनौती है। लंबे समय से बहिन जी का नाम तथा आवाज केंद्रीय राजनीति से दूर रहने के कारण दलित राजनीति में चंद्रशेखर ह्लरावणह्ल जैसे लोगों का उभार हुआ है जो बसपा के परम्परागत वोटबैक पर दावा ठोंक रहे हैं। बसपा सुप्रीमो ने भले ही जोर देकर कहा है कि आगामी चुनावों में प्रदेश में बसपा की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत लगा दी जाएगी किंतु यह फिलहाल संभव नहीं प्रतीत हो रहा हें क्योकि बसपा का जो राजनैतिक समीकरण हे उस आधार पर उन्हें सत्ता प्राप्त करने के लिए कम कम के कम 30 प्रतिशत मतों की आवश्यकता होगी और वह अभी मात्र 9 प्रतिशत ही है।

प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों में बसपा कार्यकताओं की धरातल पर कड़ी मेहनत के बाद यह मत प्रतिशत 15-20 पहुँच सकता है। बहिन जी ने खुले मंच से जिस प्रकार से योगी जी की प्रशंसा की वह बसपा के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है क्योंकि संभव है इससे प्रदेश का मुस्लिम मतदाता सपा गठबंधन के साथ जाना पसंद करे। भले ही बसपा नेत्री मायावती का 2027 में अपने बलबूते पर सरकार में आने का दावा अतिशयोक्ति हो किन्तु इससे 2027 में सपा-बसपा गठबंधन की चचाओं को विराम लग गया है।



**साथ ही बहिन जी के दावे से सपा गठबंधन के लिए गहरा तनाव और भाजपा के लिए राहत की सूचना आ गई है**

## झूम रहा है मेरा भी मन

उदय किशोर साह



कविता

धरती को चुमे है नील गगन
झूम रहा मेरा भी तन बदन
प्यार की रूत आई है कण कण
तुम्हें पुकार रहा है मेरा मन

कल कल बहती सरिता की धारा
गाँव की पीपल की छाया है न्यारा
बाग बगीचे ये उपवन है सारा
पागल मन को लगता है सब प्यारा

ये अम्बर पे झुमता काला वो बादल
वो पहाड़ों के चरण को छुता नीला सागर
ये पानी में तैरती मस्ती में ये मछलियाँ
शबनम से भीगा ये तृण की हरी गलियाँ

अमुवां की डाली पे कुक रही कोयलिया
गा कर सुना रही है प्रीत की प्यारी बोलिया
रीझा रही है रूठा है जो उनकी हमजोली
मिलने को आतुर है प्रियतम के संग होली

चलो आज भुला देगें सब शिकवा शिकायत
मोहब्बत की मांग रहे है आज इनायत
अब ना करेगें जीवन में कहीं बगावत
जीवन में कभी ना होगी आपस में अदावत

# धूप और छांव

यात्रा में धूप से कठिनाई नहीं होती, बल्कि छाया से घबराना चाहिए, क्योंकि छाया में पथिक सो जाता है।' यह पंक्ति केवल शब्द नहीं हैं बल्कि जीवन में सफलता पाने के लिए मार्गदर्शन भी हैं। धूप और छाया केवल प्राकृतिक घटनाएं नहीं हैं, वे हमारे जीवन के संघर्ष और विश्राम के प्रतीक हैं। जीवन में इन दोनों का संतुलन समझने वाला व्यक्ति ही वास्तविक सफलता और संतोष प्राप्त कर सकता है। धूप का अनुभव जीवन की चुनौतियों, कठिनाइयों और बाधाओं के रूप में होता है। यह धूप कभी तेज होती है, कभी अप्रत्याशित। पर यह हमारी सहनशीलता, धैर्य और आत्मविश्वास की परीक्षा लेती है। एक पथिक अगर धूप में चलता है, तो उसे जलन और थकान होती है, पर उसकी मंजिल की ओर बढ़ने की प्रेरणा और तेज हो जाती है। इसी तरह, जीवन में आने वाले संघर्ष हमें हमारी छिपी हुई क्षमताओं से परिचित कराते हैं।

संघर्ष केवल कठिनाई नहीं है। यह हमारी ऊर्जा का स्तंभ भी है। उदाहरण के लिए, अगर कोई व्यक्ति नौकरी की तलाश में कई बार असफल होता है, तो वह निराश हो सकता है। पर यही असफलताएं उसे अपनी रणनीतियों को सुधारने, अपने कौशल को बढ़ाने और धैर्य सीखने का अवसर देती हैं। संघर्ष हमें आत्मनिर्भर बनाता है और हमें यह सिखाता है कि असली सफलता धैर्य और प्रयास के माध्यम से ही प्राप्त होती है। धूप हमें यह भी याद दिलाती है कि जीवन में स्थिरता हमेशा सुखद नहीं होती। अक्सर हम चुनौतियों से बचने के लिए आसान रास्ते ढूंढ़ते हैं। मगर यही आसान रास्ता हमें सीमित कर देता है। अगर हम लगातार आराम और स्थिरता में ही रहेंगे, तो हमारी क्षमताओं का विकास नहीं होगा। संघर्ष और कठिनाइयां हमें यह सोचने पर मजबूर करती हैं कि हमें क्या सीखना है और हमें किस दिशा में बढ़ना है। वहीं छाया का महत्त्व भी कम नहीं है। जीवन में विश्राम और ठहराव आवश्यक हैं। यह हमें मानसिक और शारीरिक ऊर्जा फिर प्राप्त करने का समय देती है। पथिक की तरह, जो धूप की तीव्रता से थककर छाया में विश्राम करता है। हमें भी समय-समय पर ठहरकर अपने मन और शरीर को तरोताजा करना चाहिए, लेकिन ध्यान रखने की जरूरत है कि छाया में अधिक समय बिताना आलस्य और निराशा का कारण बन सकता है। अत्यधिक आराम हमारे उद्देश्य से भटका सकता है और आत्मविश्वास को कमजोर कर सकता है। संतुलन बनाए रखना जीवन की कला है। संघर्ष और विश्राम के बीच सही संतुलन बनाने वाला व्यक्ति ही सच्ची सफलता पा सकता है। अत्यधिक संघर्ष मानसिक थकान पैदा कर सकता है, वहीं अत्यधिक विश्राम प्रगति को धीमा कर सकता है। उदाहरण के लिए, एक किसान को दिन में खेत की मेहनत करनी होती है और शाम को विश्रामे अगर वह केवल काम या केवल आराम करे तो फसल सही तरीके से नहीं उग पाएगी। जीवन में भी यही सिद्धांत लागू होता है। धूप और छाया के बीच संतुलन का मतलब यह है कि हम संघर्ष को नकारात्मक दृष्टि से न देखें, बल्कि उसे सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मानें। मानसिक दृष्टि से भी यह महत्त्वपूर्ण है। मनोवैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि कठिनाइयों का सामना करने वाले व्यक्ति में मानसिक दृढ़ता और समस्या सुलझाने की क्षमता अधिक विकसित होती है। वहीं केवल आराम और स्थिरता में रहने वाले व्यक्ति में आलस्य और आत्मविश्वास की कमी देखी जाती है। जीवन में संघर्ष और विश्राम का संतुलन हमें यह भी सिखाता है कि किस समय प्रयास करना है और कब ठहराव लेना है। जैसे एक विद्यार्थी लगातार पढ़ाई करता है, पर बीच-बीच में विश्राम नहीं करता तो उसकी सीखने की क्षमता प्रभावित होती है। वहीं अगर वह केवल आराम करता है और पढ़ाई पर ध्यान नहीं देता, तो उसकी सफलता अधूरी रहती है। इसी तरह, जीवन में धूप और छाया दोनों का उचित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। मसलन, किसी खिलाड़ी की सफलता केवल अभ्यास और मेहनत पर निर्भर नहीं होती, बल्कि पर्याप्त विश्राम और क्षमता को फिर से हासिल करने पर भी निर्भर करती है। अगर वह लगातार प्रशिक्षण लेता रहे और अपने शरीर को आराम न दे, तो उसकी क्षमता प्रभावित होगी।



विजय गर्ग

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नवाबगंज गुरुद्वारा बड़ी तादाद में सिख समाज के लोगों ने वीर अनूप सिंह का जोरदार स्वागत किया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



रामपुर। जेल से रिहा होने के बाद वीर अनूप सिंह जी पहुंचे नवाबगंज गुरुद्वारा जहां बड़ी तादाद में सिख समाज के लोगों ने वीर जी अनूप सिंह जी का जोरदार स्वागत किया लगभग 4 महीने बाद वीर जी अनूप सिंह जी जेल से रिहा हुए नवाबगंज स्थित गुरुद्वारे में वीर जी अनूप सिंह जी ने कहा की बताएं मेरा क्या दोष है मेरी क्या गलती है मैंने कौन सा दोष या ऐसा कार्य किया जिसके कारण मुझे जेल जाना पड़ा जिसका मुझे जवाब चाहिए इस मौके पर सभी संगत भावुक हुई और वीर जी अनूप सिंह जी के लिए उनकी चढ़दी कला के लिए अरदास की इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामपुर सिंह सभा वीर खालसा सेवा समिति गुरुद्वारा नानकमत्ता प्रबंधक कमेटी किसान यूनियन बहुत ही गुरुद्वारा प्रबंधक कमत्यों गण ने लोगों बड़ी संख्या में लोगों ने वीर अनुज सिंह जी को सरोपा डालकर सम्मानित किया इस मौके पर बड़ी तादाद में महिलाएं भी गुरुद्वारा साहिब पहुंची इस मौके पर गुरुद्वारे में दीवान सजा कीर्तन हुआ अरदास हुई और उसके बाद गुरु का अटूट लंगर की सेवा हुई वीर अनूप सिंह जी की सलामती के लिए संगत के द्वारा अरदास की गई इस मौके पर सरदार लखविंदर सिंह सरदार दलवार सिंह प्रीतम सिंह संधू सुरजीत सिंह निर्मल सिंह वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह मनमीत सिंह मनजीत सिंह बाजवा हरजीत सिंह सुरेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह जगजीत सिंह गिल सुखविंदर सिंह चीमा नानकमत्ता के डायरेक्टर प्रितपाल सिंह निर्मल सिंह हंस गुरमुख सिंह इसके अलावा हरविंदर सिंह बाजवा करणदीप सिंह एडवोकेट सतनाम सिंह मद्दू परमजीत सिंह बिंदर सुल्तान सिंह अवतार सिंह रुद्रपुर अवतार सिंह अमरजोत सिंह कपूर हरिंदर सिंह बलविंदर सिंह जसबीर सिंह सतविंदर सिंह सुरेंद्र सिंह नारायण सिंह बड़ी संख्या में सिख संगत मौजूद रही।

## पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना टाण्डा का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**रामपुर**। पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना टाण्डा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

तदोपरान्त अगामी त्यौहार, अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था, मिशन शक्ति अभियान-5 (सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु) तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना टाण्डा क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण/भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी, टाण्डा मौजूद रहे।

# विदेशी वस्तु त्याग कर बोलो वन्दे मातरम डॉ राजीव




**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन ये यात्रा रामपुर से शुरू होकर सहारनपुर में सम्पन्न होगी।

ज्वाला नगर आनंद कॉन्वेंट स्कूल में सभा और संकल्प लेने के उपरांत जीवन में स्वदेशी का ही रोजमर्रा अपनाने की शपथ ग्रहण कर। मुख्य बजारों में भव्वे यात्रा निकाली गई गई।जिसमें अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ राजीव कुमार और कपिल नारंग प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ,जिला संयोजक अजय कुमार और प्रांतिय सदस्य मेरठ प्रांत स्वदेशी जागरण मंच फरहत अली खान रहे।कार्यक्रम में सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष ओ बी सी बोर्ड यूपी मुख्य वक्ता ने अपने ओजस्वी भाषण में स्वदेशी को अपनाने से भारत विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करने , सर्व समाज को जागरूक होने की आवश्यकता है जागरूक किया। डॉ राजीव कुमार ने कहा स्वदेशी जागरण मंच द्वारा देखा गया सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा विदेशी वस्तु त्याग कर बोलो वन्दे मातरम।इसी क्रम में अभय गुप्ता, अब्देश शर्मा, संदीप सोनी, आदि ने स्वदेशी अपनाने के लिए अपने अपने वक्तव्य सभा में व्यक्त किए। मुख्य रूप से अनिल वशिष्ठ, राजीव अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, प्रमोद आहूजा, सलीम खान, नदीम खान आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार को धचका, पिता हाजी अरशद खान का हुआ देहांत

**वेलकम इंडिया**



**आजमगढ़**। जिले के वरिष्ठ पत्रकार और आजमगढ़ ब्यूरोचीफ मोहम्मद साजिद के पिता और समाज सेवी भैरोपुर कला गांव निवासी हाजी मोहम्मद अरशद खान का बृहस्पतिवार की सुबह हृदय गति रुक जाने से 63 वर्ष की आयु में लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया जिसकी खबर मिलते ही परिजनों में मानों कोहराम की स्तिथि उत्पन्न हो गई तथा पूरे छेत्र में शोक की लहर दौड़ गई तभी से शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है।गौरतलब है कि स्वर्गीय हाजी मोहम्मद अरशद खान को पूरे छेत्र में एक समाज सेवी के रूप में जाना जाता रहा है।याद रहे कि अभी हाल ही में लखनऊ स्थित वेल्सन नामी अस्पताल में उनकी बाई पास सर्जरी हुई थी जिसके 3 दिन बाद डाक्टरों ने उन्हें सांस लेने में दिक्कत के कारण आई सी यू में रखा था जिसबके दो दिन बाद उनका आकस्मिक निधन हो गया।पत्रकार पिता का अन्तिम संस्कार शुकवार प्रातः10 बजे छेत्र व जनपद के सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक जगत के हजारों आम जनो की पस्थित में कर दिया गया।जनाजे की नमाज मौलाना शमीम हन्फी ने पढ़ाई।

# 49 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य शुरू



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर के अमरपुर में 49 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है यह सड़क जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अतुल तेवतिया और जिला पंचायत सदस्य राफे खान के प्रयासों से बनाई जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क लगभग 50 साल से जर्जर हालत में थी। बरसात के समय गांव से निकलना मुश्किल हो जाता था, जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती थी सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में आसानी होगी और गांव की स्थिति में सुधार आएगा। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है निर्माण कार्य का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य (प्रतिनिधि)राफे खान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर वर्तमान ग्राम प्रधान और समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बार मे बिक रही शराब, आबकारी विभाग क्यों बना है मूकदर्शक

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़**। व्यसनमुक्त समाज ने गरुड़ में संचालित शराब व बियर बारों की जांच करने की मांग की है। इस संबंध में व्यसनमुक्त समाज के संयोजक व उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डीके जोशी ने प्रदेश के आबकारी सचिव व जनपद के जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। एडवोकेट जोशी ने भेजे गए ज्ञापन में कहा है कि नगर पंचायत गरुड़ व विकासखंड गरुड़ में हाल ही में शराब व बियर बार की बढ़ रही संख्या से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि गरुड़ में शराब के अलावा किसी और चीज की जरूरत ही नहीं है। सभी बार प्रथम दृष्टिया नियम विरुद्ध संचालित हो रहे हैं। नियम यह है कि पूर्व से संचालित होटल-रेस्टोरेंट जिसमें पिछले दो वर्षों में पके भोजन की प्रतिवर्ष 5 लाख की बिक्री हो, जिस पर जीएसटी अदा किया गया हो। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में संचालित नियम विरुद्ध शराब व बियर बार के पास कहीं भी कार पार्किंग उपलब्ध नहीं है, जबकि नियम है कि 600 वर्ग फीट पार्किंग स्पेस अनिवार्य है। बार के अंदर बैठने के लिए एक साथ 20 लोगों की व्यवस्था होनी चाहिए और महिला व पुरुष शौचालय अलग अलग निर्मित होने चाहिए।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर तानिया को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़**। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ह्वील कुलवान की छात्रा तानिया को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया।

तानिया ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, बैडमिंटन डबल में कविता व तानिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा तानिया ने 200 मीटर व 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान तथा कबड्डी की टीम में भी उनका चयन प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। तानिया के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश नाथ, राधाकृष्ण सिंह, चंपा नगरकोटी, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह रावत, महामंत्री नवीन मिश्रा, खेल समन्वयक भूपाल सिंह, भुवन ममगाई, ब्लाक अध्यक्ष सुंदर सिंह नेगी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# 20000 का इनामी बदमाश गिरफ़्तार

**वेलकम इंडिया**



नरसेना पुलिस ने 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश अकरम निवासी पलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपी नरसेना थाना क्षेत्र की बुगरासी चौकी में सरार्फा व्यापारी से हुई लूट के मामले में फरार चल रहा था। बीते दिनों आरोपी अकरम ने अपने साथियों के साथ मिलकर बुगरासी चौकी क्षेत्र में एक सरार्फा व्यापारी से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान बदमाशों ने व्यापारी से नकदी और चांदी के आभूषण लूट लिए थे। पुलिस तभी से आरोपी की तलाश कर रही थी पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश के पास से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, लूटे गए चांदी के आभूषण और 2100रु की नकदी घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है अकरम पर पूर्व में भी सात मुकदमे दर्ज हैं नरसेना थाना प्रभारी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान अकरम को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था इस दौरान असलम प्रभारी स्वाट टीम है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, है0का0 अनुज राठी, है0का0 अंकुर धामा, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 सचिन चौहान, का0 श्याम सुन्दर, का0 अमित कुमार रितेश कुमार सिंह थानाध्यक्ष नरसैना उ0नि0 सोबरन सिंह, उ0नि0 प्रदीप कुमार का0 जयवीर सिंह, का0 मनीष कुमार, का0 परमजीत सिंह, का0 हनी चौधरी शामिल रहे।

# रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान

**वेलकम इडिया महमूद**



**जनपद बिजनौर नगीना**। शाखा प्रबंधक ने रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान कहा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाना जरूरी।स्थानीय मंडी मोलगंज स्थित भूमि विकास बैंक शाखा के प्रबंधक विद्या शंकर पाल अपने साथियों गौरव अग्रवाल पेट्रोल पंप वाले, राजकुमार सेठी, अरविंद कुमार उर्फ छोटे, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, कमल कुमार के साथ सुबह 7 बजे नगीना रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्वच्छता अभियान चलाकर एक संदेश दिया। सार्वजनिक स्थानों पर काफी भीड़ भाड़ और कचरा पड़ा रहता है जिससे लोगों को परेशानियां तो होती हैं साथ ही गंदगी से छोटी बड़ी बीमारियां भी लग जाती है जिसका बचाव केवल और केवल साफ सफाई और स्वच्छता अभियान चलना है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्य कोई सा भी हो दिखावे का नहीं बल्कि पटेल पर खड़ा उतारना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान से देश को निरोगी बनाना है तो आज आप भी संकल्प करें की जिसको जितना समय मिले राजनीतिक लोग हो या समाजसेवी या फिर आधिकारिक कर्मचारी वर्ग हो सबको स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता करनी चाहिए।



## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक

बुलंदशहर थाना खुर्जा नगर में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत शनिवार को मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 द्वितीय चरण के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बालिकाओं व महिलाओं को वीडियो के माध्यम से जागरूक किया गया व सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बैंकिंग कॉपोरेडेंट सखी रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष राष्ट्रीय पोषण मिशन प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा विभिन्न हेल्प लाईन नंबरों जैसे 1090 महिला हेल्प लाइन नंबर 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 112 पुलिस हेल्प लाइन नंबर 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर 181 महिला हेल्प डेस्क नंबर102 एंबुलेंस हेल्प लाइन नंबर की जानकारी दी गई।

# वाराणसी मंडल पर रेलवे पेंशनर्स के लिए डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण का आयोजन

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी** :- मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन में भारतेन्दु सभागार कक्ष में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल द्वारा पेंशनर्स के कल्याणार्थ पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर एसोसिएशन के सौजन्य से डिजिटल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गयो इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह, सहायक वित्त प्रबन्धक अरविन्द पांडेय, भूतपूर्व मंडल वित्त प्रबंधक के.एन.चौबे तथा पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव सहित वाराणसी मंडल रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य एवं उसकी शाखायों के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार द्वारा पेंशनरों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन प्रस्तुत करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई उन्होंने बताया की यह एक इलेक्ट्रॉनिक प्रमाण पत्र है जो पेंशन प्रदाता को यह बताता है कि पेंशनर जीवित हैं इसे सरकार ने जीवन प्रमाण पोर्टल एप के माध्यम से लागू किया है इलेक्ट्रॉनिक प्रमाण पत्र एक बार बन जाने के बाद यह सीधे पेंशन वितरण एजेंसी (पीडीए ) तक पहुँच जाता है पेंशनर्स को हर वर्ष जीवन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है पहले हर वर्ष पेंशनर्स को बैंक या कार्यालय जाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करना पड़ता था किन्तु अब सरकार द्वारा इस प्रक्रिया को, डिजिटल रूप से जमा करने का विकल्प उपलब्ध कराकर काफी सुगम बना दिया गया है इसे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जीवन प्रमाण कहा जाता है यह 100 प्रतिशत पेपरलेस, हॉसले फ्री और सुरक्षित प्रक्रिया है जिसे घर पर बैठे ही मोबाइल, कंप्यूटर एवं इंटरनेट के माध्यम से पेंशनर द्वारा स्वयं ही किया जा सकता है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने पेंशन पेमेंट ऑर्डर के लिए आधार नंबर के वेरिफिकेशन करने, पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) नंबर को अपने मोबाइल नंबर (आधार से लिंक) करने तथा फिंगर प्रिंट स्कैनर का उपयोग कर अपना पेंशन खाता सुरक्षित रखने का उपाय बताया गया उन्होंने कहा की पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर एसोसिएशन द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद भी पेंशन भोगी कर्मचारियों को हमसे जोड़े रखने की यह अच्छी पहल है इससे पेंशनर्स एलाउंसेस, लाइफ सर्टिफिकेट, मेडिकल सुविधाओं आदि के नियमों में बारे में जानकारी होने के साथ ही मिलने वाले लाभों के सम्बंध में जागरूक रहते हैं। आज के सूचना प्रौद्योगिकी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में पेंशनर्स को सतर्कता बरतने और आर्थिक अपराध का शिकार होने से बचने में यह कार्यशाला सहायक सिद्ध होगी बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर ने भी बैंक संबंधी और उसकी सुविधाओं के बारे में दी जानकारी इसके अलावा पेंशनरों को विशेषज्ञ के द्वारा साइबर अपराध से बचाव हेतु किया गया जागरूक इसके पूर्व पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन वाराणसी मंडल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस कार्यक्रम में पधारे वाराणसी मंडल के अधिकारियों तथा कार्यशाला में उपस्थित सभी पेसनरों का भी स्वागत किया। कार्यशाला में वाराणसी मंडल के वित्त विभाग में कार्यरत सीनियर सेक्शन ऑफिसर (पेंशन) पूनम कुमारी ने ऑनलाइन (बिना किसी को सहायता के) जीवन प्रमाण प्राप्त करने की प्रक्रिया, एसओएस मैकेनिज्म, पासवर्ड और पैटर्न सेट करना बताया गया डिजिटल एप्लिकेशन का उपयोग और उनकी सुरक्षा के पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## किसोला में बंदरों का आतंक कई लोगों को काटा

**बुगरासी**। क्षेत्र के गांव किसोला में बंदरों का इतना आतंक है कि एक हफ्ते के अंदर आधा दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया हैं।किसोला निवासी शेखर त्यागी ने बताया कि मेरी पत्नी छत पर कपडे सुखाने गई थी कि तभी एक बंदर आया और बुरी तरह काटकर घायल कर दिया।तभी मुझे स्याना के सरकारी अस्पताल में लेकर जाना पडा। डाक्टरों ने कई घंटे तक इलाज किया।इसके बाद घर लेकर आया। उन्होंने यह भी बताया कि गांव के दस महिला पुरूषों को काटकर घायल किया हैं। घायलों में राकेश त्यागी प्रीति त्यागी रघुनाथ त्यागी नितिन त्यागी दीपा त्यागी ज्योति त्यागी राजेन्द्र त्यागी मोनू सोनू आदि को काटकर घायल कर दिया है। ग्रामीणों का कहना हैं कि वन विभाग इस ओर से लापरवाह बना हुआ हैं।अगर शीध्र बंदरों को ना पकडा गया जो गांव का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम बुलंदशहर से मिलकर इसके समाधान की गुहार लगायेगा। जानकारी के अनुसार इससे पहले भी इन बंदरों ने कई बुजुर्गो को काटकर घायल कर दिया था।

# डीएम ने थाना समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की समस्याएं

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस के तहत शनिवार को थाना खेसरहा में समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने इसकी अध्यक्षता की और जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना। अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, नाली और चकमार्ग से संबंधित थीं।

जिलाधिकारी ने उपस्थित राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी प्रकरणों का निस्तारण मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

डॉ. राजा गणपति आर. ने आगे कहा कि नाली विवाद, चकमार्ग विवाद, जमीन बंटवारा और अवैध कब्जे जैसे मामलों में राजस्व अधिकारी आज और कल मौके पर जाकर ग्रामवासियों के बयान लेकर समाधान सुनिश्चित करें।आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ जाएं और अधिकतम प्रकरणों का निस्तारण कराकर ही लौटें। किसी भी मामले को लंबित न रखा जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जा करता है, तो संबंधित हल्का लेखपाल तत्काल मुकदमा दर्ज कराएं।

जिलाधिकारी ने उपस्थित शिकायतकर्ताओं से आपसी सौहार्द बनाए रखने और झगड़ों से बचने की अपील की।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती, क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक द्विवेदी, थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप कुमार मिश्र, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बार-बार हो रही विद्युत कटौती से लोगों में आक्रोश

**गरुड़।** कत्यूर घाटी में आए दिन बार- बार हो रही विद्युत कटौती से लोगों में तीव्र आक्रोश है। लोगों ने भविष्य में कटौती बंद न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। तहसील क्षेत्र में आए दिन लगातार विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। खासतौर पर व्यापारियों को विद्युत कटौती से भारी नुकसान हो रहा है। गांवों में कुटीर उद्योग चौपट हो रहे हैं। साइबर कैफै के संचालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली गुल होने से बच्चों की पढ़ाई में भी व्यवधान हो रहा है। प्रत्येक कार्य ऑनलाइन होने से लोगों के समय की भी काफी बबार्दी हो रही है। इंटरनेट मीडिया में लोग ऊर्जा निगम के विरुद्ध तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। लोग काफी आक्रोशित हैं। कभी भी लोगों का गुस्सा फूट सकता है। इधर ऊर्जा निगम के जेई राजेंद्र सिंह बोरा ने बताया कि कई बार लाइन में फॉल्ट आ जा रहा है। जिससे कुछ देर शटडाउन लेकर लाइन दुरस्त करनी पड़ती है।

## विधायक मेहदावल, डीएम व सीडीओ ने
# ई लॉटरी से चयनित कुल नौ किसानों को निशुल्क मिनीकिट का किया वितरण

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री कृषि धन धान्य योजना, दलहन विकास योजना, कृषि अवसंरचना निधि और 11000 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ नई दिल्ली से किया गया है। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों द्वारा जनपद मुख्यालय, विकासखंड मुख्यालय, साधन सहकारी समिति, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, मंडी परिषद एवं गांव पर स्थित पंचायत घर पर देखा एवं सुना गया।

इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक मेहदावल अनिल त्रिपाठी, जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की उपस्थिति में निशुल्क दलहन एवं तिलहन मिनी किट अंतर्गत ई लॉटरी से चयनित कुल नौ किसानों को प्रतीक के रूप में माननीय विधायक जी द्वारा निशुल्क मिनीकिट का वितरण किया गया। राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना अंतर्गत पशुधन सुधार हेतु प्रशिक्षण प्राप्त किए गए कुल 20 लाभार्थियों को प्रशिक्षण पत्र विधायक मेहदावल द्वारा वितरित किया।

विधायक द्वारा अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा कृषि विकास हेतु विस्तृत योजनाएं संचालित की जा रही है जिसमें कृषि यंत्रीकरण अंतर्गत किसानों को 40% अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाते हैं कृषक उत्पादक संगठन को 80% अनुदान पर फार्म मशीनरी बैंक उपलब्ध कराया जाता है जो कृषि में बुवाई से लेकर कटाई तक मड़ाई तक किसानों की कृषि कार्य को सुगम बनता है। परली प्रबंधन के यंत्र जनपद में वितरित किए गए हैं जिससे किसान अपने धान की पराली का प्रबंध करें, उसे खेत में मिलाएं, उसे काटकर पशुओं को खिलाएं, प्राकृतिक ऊर्जा के केंद्रों पर पहुंचा दें। किसानों को यंत्रीकरण या बड़े कार्य हेतु कृषि अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत बड़े ऋण काम ब्याज दर पर व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा वर्तमान में पशुओं में फैलने वाली लंपि बीमारी की रोकथाम हेतु वृहद स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया गया है, जिससे यह बीमारी बृहद रूप नहीं ले सकी और समय से इसका कुशल नियंत्रण किया गया।

# स्वयंसेवकों के पथ संचलन का मार्ग बदलने पर एसओ लाइन हाजिर, सीओ हटाए गए

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आरएसएस की ओर से शोहरतगढ़ में नौ अक्तूबर को आयोजित पथ संचलन का मार्ग बदलने के मामले में सीओ और एसओ शोहरतगढ़ को हटा दिया गया है। बता दें कि मार्ग बदलने से नाराज स्वयंसेवकों ने पथ संचलन स्थगित कर दिया था। एसपी ने नवीन कुमार सिंह को शोहरतगढ़ का थानेदार व बांसी के सीओ मयंक द्विवेदी को शोहरतगढ़ का सीओ बनाया है। वहीं सीओ सुजीत राय को बांसी का सीओ बनाया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर प्रथम चरण के कार्यक्रम के तहत दो से 15 अक्टूबर के बीच पथ संचलन किया जा रहा है। मार्ग बदलने के आदेश पर नाराज स्वयंसेवकों ने स्थानीय प्रशासन को दोषी ठहराते हुए संघ के उच्चाधिकारियों से शिकायत की और पथ संचलन स्थगित कर दिया था। स्वयंसेवकों का कहना था कि संचलन पूर्व से तय मार्ग से ही निकलेगा। जबकि प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि संचलन बदले मार्ग से ही जाएगा। बताया जा रहा है कि मामले का सीएम कार्यालय ने संज्ञान लिया, जिसके बाद कार्रवाई हो गई। इसके बाद एसपी ने सीओ पवीन प्रकाश को एसपी कार्यालय से अटैच कर दिया है जबकि एसओ रहे संतोष कुमार तिवारी को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि शोहरतगढ़ एसओ व सीओ को हटा दिया गया है। बांसी के सीओ मयंक द्विवेदी को शोहरतगढ़ का सीओ व नवीन कुमार सिंह को शोहरतगढ़ थाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# पीएम धन-धान्य कृषि योजना किसानों के लिए उपहार : विधायक श्यामधनी राही




**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना किसानों के जीवन में समृद्धि लाएगी। इस योजना में सिद्धार्थनगर समेत देश के 100 जनपदों का चयन किया गया है, जहां खेती में उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा। किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, उद्यान, पशुपालन और मत्स्य पालन विभाग मिलकर काम करेंगे। शनिवार को आंबेडकर सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण और मिनी किट वितरण कार्यक्रम के अवसर पर विधायक श्याम धनी राही ने यह बातें कहीं। कार्यक्रम के दौरान उप निदेशक कृषि, उप निदेशक मत्स्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ गणेश प्रसाद, जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ महेंद्र तिवारी, डिप्टी सीवीओ डॉ ऋषिकेश दर्शन, डॉ देवेंद्र गौतम पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ अरुण कुमार प्रजापति उपस्थिति रहे।

# शादी का झांसा देकर किया दो साल तक किया यौन शोषण

**वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** प्यार के नाम पर धोखे की एक सनसनीखेज घटना ने दिल दहला दिया है बताया जा रहा है की दिल्ली की रहने वाली एक गरीब युवती को वाराणसी के एक युवक ने धर्म छिपाकर शादी का झांसा दिया, दो साल तक उसका शारीरिक शोषण किया और गर्भवती होने पर जान से मारने की कोशिश की पीड़िता रोशनी 26 वर्षीय निवासी बावना दिल्ली में मजदूरी का काम करती थी इसी दौरान गुलशन उर्फ रोहित निवासी ग्राम निमाईच, थाना फूलपुर वाराणसी से उसकी मुलाकात हुईं आरोपी ने खुद को मुस्लिम बताकर शादी का झांसा दिया और लगातार शोषण करता रहा जब युवती गर्भवती हो गई तो 3 सितंबर से 4 अक्टूबर 2025 के बीच आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर गला दबाकर मारने की कोशिश की और युवती को मुक्कों और घूंसे से पीटा गया वहीं शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह उसकी जान बचाई। पीड़िता ने कंट्रोल रूम और फूलपुर थाना को सूचना दी, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई और न मेडिकल, न एफआईआर युवती ने पुलिस उपायुक्त महिला अपराध से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है ।

# फर्जी ट्रक और स्क्रैप चोरी में तीन शातिर चोर गिरफ्तार, पुलिस ने मामले का किया पदार्फाश

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** जनपद के मोहाना थाना क्षेत्र में फर्जी नंबर प्लेट वाली ट्रक पर लदा स्क्रैप और चालक के रहस्यमय ढंग से गायब होने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।मोहाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने मोहाना थाना क्षेत्र के कबाड़ लदा ट्रक ढूंढ़ निकाला।

मामले का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने सनोज मिश्र, प्रमोद मिश्र निवासी बेहड़ी थाना हुजूरपुर बहराइच और राहुल मिश्र निवासी गायघाट थाना डीह जालन जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) को क्षेत्र के मोहाना पुल के पास से दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों में दो सगे भाई बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से बेचे गए कबाड़ की रकम बरामद की है। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उन्हें न्यायालय रवाना कर दिया है। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि चार अक्तूबर मोहाना थाना क्षेत्र बर्डपुर एक दुकान से फर्जी नंबर प्लेट लगाकर ट्रांसपोर्टर से बात कर डीसीएम से अज्ञात व्यक्ति चोरी की नियत से कबाड़ का माल लादकर लेकर चले गए थे। ऑनलाइन एप के जरिये कबाड़ के बारे में जानकारी ली और फिर जालसाजी करके ट्रक सहित उड़ा ले गए थे। इस मामले में आठ अक्तूबर को केस दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की।

जांच में टीम को जानकारी मिली की आरोप क्षेत्र में ही हैं। सूचना को संज्ञान में लेते हुए एसओ रोहित उपाध्याय, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी और सर्विलांस की टीम मोहाना पुल के पास से तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। इनके कब्जे से चोरी हुआ डीसीएम और बेचे गए कबाड़ से मिले दो लाख रुपये नकदी बरामद किए। एएसपी ने बताया कि यह गिरोह फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर ट्रांसपोर्टर के नेटवर्क के माध्यम से माल की चोरी करता था। गिरफ्तार आरोपियों के माध्यम से इस रैकेट का पदार्फाश किया गया है।

## पुलिस ने कस्बा अगौता में लोगों को साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

**अगौता।(बुलंदशहर)** शनिवार को स्थानीय पुलिस ने कस्बे में अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। पुलिस ने लोगों को बताया कि किसी भी अनजान नंबर से आए कॉल या मैसेज करने वाले लोगों को अपने बैंक या आधार कार्ड का ओटीपी/पिन/सीवीवी नंबर शेयर ना करें, रिजर्व बैंक के नियमानुसार बैंक का कोई कर्मचारी/अधिकारी इस प्रकार का कोई भी ओटीपी नहीं मांगता है। फिर भी कोई व्यक्ति किसी तरह साइबर क्राइम जैसे खाते से पैसे कटना, डरा धमाकर डिजिटल आरेस्ट जैसी घटना का शिकार हो जाता है तो सर्वप्रथम 1930 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, फिर तुरंत उसकी सूचना अपने नजदीकी थाने में पुलिस को दें। और किसी भी आपातकालीन स्थिति में 112 डायल कर पुलिस से सहायता मांग सकते हैं। उपनिरीक्षक अरविंद जुरैल ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि आए दिन डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाएं घटित हो रही हैं।

# बाग में पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**त्रिलोकपुर/सिद्धार्थनगर।** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के डोकम अमया गांव में शनिवार की सुबह एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान अतीउल्लाह (22) पुत्र शेर बहादुर निवासी डोकम अमया के रूप में हुई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के डोकमअमया गांव निवासी अतीउल्लाह शुक्रवार दोपहर से लापता था। परिजनों ने देर रात तक उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह गांव के पश्चिम स्थित आम के बाग में कुछ चरवाहों ने पेड़ पर फंदे से लटका शव देखा और परिजनों को सूचना दी।

परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि वह फंदे से लटक रहा है। यह देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की डेढ़ वर्ष पहले शादी हुई थी। उसकी एक वर्ष की बेटी भी है।

सूचना पर त्रिलोकपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई की गई और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

परिजनों की तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

# सैन्य सम्मान के साथ सैनिक की अंत्येष्टि

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** तीन राजपूत में तैनात 47 वर्षीय हवलदार की जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव दफौट भीड़ी लाया गया। यहां परिजनों द्वारा भारत माता की जयकारे, जय हिंद जय जवान के नारे के साथ अश्रुपूरित विदाई के बाद शव यात्रा निकली। सरयू गोमती संगम पर सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। सेना की टुकड़ी ने उन्हें अंतिम सलामी दी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार दफौट क्षेत्र के भीड़ी गांव निवासी सुरेश सिंह तीन राजपूत में हवलदार के पद पर तैनात थे। इन दिनों उनकी तैनाती जंमू कश्मीर में थी। गुरुवार को उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। शुक्रवार को सेना के एक वाहन में उनका पार्थिव शरीर उनके गांव पहुंचा। यहां परिजनों की अश्रुपूरित विदाई के बाद शनिवार को सरयू गोमती संगम पर सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। कौसानी से पहुंची सेना की टुकड़ी ने शस्त्र उल्टा कर श्रद्धांजलि दी। उनके पिता त्रिलोक सिंह माता गोविंद देवी है। मृतक तीन भाई है तीनों आर्मी में है। महेश सिंह, दर्शन सिंह और मृतक सुरेश सिंह सबसे छोटे भाई हैं। वह अपने पीछे दो बच्चे, पत्नी व माता-पिता को रोता बिलखड़ा छोड़ गए। गांव में शोक की लहर है।



## दो अक्तूबर को छुट्टी बिताकर गए थे ड्यूटी

बागेश्वर। हवलार सुरेश सिंह एक महीने की छुट्टी बिताकर दो अक्टूबर को जम्मू कश्मीर ड्यूटी के लिए निकले थे।गांव में अपने वीमार पिताजी का हालचाल जानकर छुट्टी पूरी होने पर जल्द घर वापस आकर गांव में समय बिताने की इच्छा बता गए थे।तब उन्हें किसी तरह की कोई बीमारी भी नहीं थी। गांव मेंअपनी पुश्तेनी जमीन में किसानी का भी काम किया। जहाँ ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक आने से उनका निधन हो गया।

# पुलिस ने पटाखों का जखीरा पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**सिद्धार्थनगर।** जनपद के इटवा थाना पुलिस की टीम ने सीओ की अगुवाई में शुक्रवार देर रात इटवा कस्बे के दो अलग-अलग स्थानों पर छापा मारा। मौके से अवैध रूप से भंडारण किया गया 23 गत्ता लगभग 12 क्विंटल पटाखा बरामद किया। इसकी कीमत सात लाख रुपये से अधिक आंकी जा रही है।

कस्बे के बीच में रखा गया पटाख अगर विस्फोट करता तो बड़ी घटना के होने से इन्कार नहीं किया जा सकता था। वहीं, इस मामले में पुलिस ने प्रभुदयाल उर्फ राजा जायसवाल और फिरोज को गिरफ्तार अवैध रूप से विस्फोटक रखने के मामले में केस दर्ज करके न्यायालय रवाना कर दिया है। पुलिस कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि 11 अक्तूबर को इटवा पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्तियों ने अपने घर पर अवैध रूप से पटाखे का भंडारण किया है। अगर दबिश दी गई तो अवैध पटाखे की बरामदगी की जा सकती है। सूचना पर थाने से दो टीम की ओर से अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई तो प्रभुदयाल उर्फ राजा जायसवाल निवासी वार्ड नंबर 16 अटलनगर थाना इटवा के घर से कुल 11 गत्ता (करीब 750 किग्रा) पटाखा भंडारण पाया गया।

# दशहरा मेले की सातवीं शाम जवाबी कव्वाली में गूंज उठी गंगा-जमुनी सरगम

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर खीरी।** प्राचीन ऐतिहासिक दशहरा मेला इन दिनों सांस्कृतिक उमंगों और सामाजिक सद्भाव का जीवंत प्रतीक बना हुआ है। मेले के सातवें दिन करवा चौथ के पावन अवसर पर जवाबी कव्वाली का आयोजन हुआ, जिसने श्रोताओं के दिलों में प्रेम, एकता और भाईचारे की लौ जगा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्षा डॉ. इरा श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन समाजसेवी-साहित्यकार राममोहन गुप्त ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री हाजी आर एस उस्मानी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा ह्लगंगा-जमुनी तहजीब की यह शाम लखीमपुर की पहचान है, यह मंच वाकई लाजवाब है।

जवाबी कव्वाली के दौर में जब बरेली के मशहूर कव्वाल साबिर चिश्ती ने सुरों में लपेटकर कहा जिसे मुस्तफा से मोहब्बत नहीं है, कुबूल उसकी कोई इबादत नहीं है तो श्रोता तालियों की गड़गड़ाहट से झूम उठे। वहीं कव्वाला मुस्कान बरेली ने अपने अल्फाजों से समरसता का सन्देश दिया बहती है प्रेम की गंगा बहने दो क्यों करते हो देश में दंगा रहने दो और जब उन्होंने अंतिम बंद में कहा ह्लहिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सबका एक ही नारा है, ये भारत देश हमारा है तो पूरा पंडाल भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल संयोजन राशिद खान, बरकत अली, शमशुल हसन, निगार अली, और तमसीन बानो ने किया। इससे पूर्व उद्घाटन सत्र में अब्दुल मन्नान अंसारी, जमील अहमद, शफीक अहमद, तारिक, राजेन्द्र अजमानी, शिव तोलानी, और मयंक नागर को पालिका परिषद द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, मेलाधिकारी सामरा सईद, मेलाध्यक्ष कौशल तिवारी, इंजी. दुर्गेश वर्मा, देवाशीष मुखर्जी, विजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, मोहित शुक्ला, बाबूलाल, प्रह्लाद, इशू सहित बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा। यह कव्वाली की शाम सिर्फ.सुरों का संगम नहीं थी, बल्कि सांस्कृतिक एकता, सौहार्द और भारतीयता के अमिट भावों का उत्सव बनकर ह्रदयों में बस गई।



जिसे मुस्तफा से मोहब्बत नहीं है
कुबूल उसकी कोई इबादत नहीं है
उनके करम से बनती सबकी
बिगड़ी हुई तकदीर है...
कव्वाल साबिर चिश्ती, बरेली

बहती है प्रेम की गंगा बहने दो
क्यों करते हो देश में दंगा रहने दो
जब भी मेरी कहानी लिखना
मुझ को हिन्दुस्तानी लिखना
कव्वाला मुस्कान, बरेली

हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई सबका एक ही नारा है
ये भारत देश हमारा है ये भारत देश हमारा है
मुस्कान

तिरंगा सबसे ऊंची शान
तिरंगा सबसे ऊंची शान
मुस्कान

# जलती चिता से अंग निकाले, चावल पकाए

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी



मेरठ। गांव के श्मशान घाट पर तीन लोग तंत्र क्रिया करते और जलती चिता से अधजले शव के अंग निकालते देखे गए। शव की खोपड़ी अलग रखी थी। इतना ही नहीं, वो पास में ही मिट्टी के बर्तन में चावल भी पका रहे थे। श्मशान घाट गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर बना है।

जब ग्रामीणों ने यह देखा तो वो भड़क गए। उन्होंने तीनों की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान एक आरोपी किसी तरह से वहां से भाग निकला। सूचना पुलिस तक पहुंची तो किसी तरह से लोगों को शांत कराया गया। पुलिस ने आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर थाने लाई। उन्हें हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू की। मामला मुंडाली थाना क्षेत्र के अजराड़ा गांव में शुक्रवार रात का है।

गांववालों ने संदेह जताया कि यही लोग गांव के कब्रिस्तान से शवों को खोदकर निकाल लेते हैं। उनका कहना है- पहले उन लोगों को लगता था कि यह काम किसी जानवर का होगा। लेकिन, अब इसमें भी इन तीनों का ही हाथ लग रहा।

पुलिस का कहना है कि चिता को

- खोपड़ी अलग रखी थी, मेरठ में श्मशान से पकड़ा गया; तांत्रिक क्रिया का शक

आंच पर रखकर मटके में चावल पक रहा था। खोपड़ी में चावल बनाने की बात सामने नहीं आई है आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर थाने लाई पुलिस

मृतक गजेंद्र के भाई सुंदर ने बलजीत और 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दी है। मुंडाली थाना प्रभारी राम गोपाल सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि शव के साथ छेड़छाड़ किए जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने वहां से दो आरोपियों बलजीत और इमरान को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

# बच्चों के मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, दो महिला घायल

वेलकम इंडिया





कांधला। (मोहसीन रहमानी) थाना क्षेत्र के गांव नाला में बच्चों के मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई मारपीट में दोनों ओर से दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई दोनों पक्षों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव नाला में शुक्रवार की देर शाम पंपेज एवं अरविंद के बच्चे गली में खेल रहे थे खेलते समय बच्चों में मामूली विवाद हो गया।

बच्चों के मामूली विवाद हो जाने के बाद दोनों परिवार के लोग आमने-सामने आ गए और दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। मारपीट के दौरान पंपेज पक्ष से उसकी पत्नी ललिता मारपीट में घायल हो गई। जबकि दूसरे पक्ष से वृद्ध महिला लिक्ष्मी घायल हो गई। आसपास के लोगों ने झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों के लोगों का बीच बचाव कराया। देर रात दोनों पक्षों के लोगों ने थाने पहुंचकर एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने घायल दोनों महिलाओं का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पीएनबी शीत गृह संगोष्ठी का हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया

मथुरा। पंजाब नैशनल बैंक, अलीगढ मंडल द्वारा दिनांक को होटल बृजवासी रॉयल, स्टेशन रोड, मथुरा में शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) संगोष्ठी का आयोजन भव्य स्तर पर किया गया, जिसमें सम्मानित शीत गृह उद्यमियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लियो उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विपिन अग्रवाल, अध्यक्ष कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन, मथुरा और अनिल चौधरी मंडल प्रमुख, अलीगढ ने कियो इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के उच्चाधिकारी अनिल चौधरी, मंडल प्रमुख-अलीगढ, राजेश कुमार पांडेय, उप मंडल प्रमुख-अलीगढ, एमसीसी प्रमुख विजय बिहारी प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

उक्त संगोष्ठी में सभी प्रकार की कृषि गतिविधियों के साथ-साथ कृषि से संबंधित सभी गतिविधियों जैसे कोल्ड स्टोरेज और रिटेल इत्यादि गतिविधियों के लिए कृषि ऋण रियायती दरों पर प्रदान किए जाने की विस्तृत जानकारी मंडल प्रमुख अनिल चौधरी और उप मंडल प्रमुख राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा शीत गृह उद्यमियों को दी गई।

इस संबंध में उक्त संगोष्ठी में आए शीत गृह उद्यमियों ने अपने बहुत से प्रश्न किए जिनका संतोषजनक जवाब पीएनबी के उच्चाधिकारियों ने दिया, जिससे सभी उद्यमी संतुष्ट नजर आए।

यह आयोजन बैंक के दीर्घकालिक ग्राहकों एवं युवा शीत गृह उधामियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है क इस द्विपक्षीय संवाद में पंजाब नैशनल बैंक के उच्चाधिकारियों द्वारा उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी उद्यमियों और अतिथियों को अवगत कराया गया कि वे पीएनबी द्वारा प्रदान किए जा रहे उक्त कृषि ऋणों को रियायती दरों पर प्राप्त करने का लाभ अवश्य उठाएं।

# तीर्थ पुरोहित महासंघ के ब्रजप्रांत महामंत्री पं. अमित भारद्वाज ने दिया इस्तीफा



मथुरा। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ के ब्रजप्रांत महामंत्री पंडित अमित भारद्वाज ने विशेष कारणवश अपने पद से इस्तीफा देकर तत्काल प्रभाव से पदमुक्त हो गए हैं। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रयागनाथ चतुर्वेदी एवं राष्ट्रीय महामंत्री उज्जैन निवासी सुरेन्द्र चतुर्वेदी को लिखित में इस्तीफा ईमेल व व्हाट्सएप के माध्यम से सौंप दिया है। पत्र में भारद्वाज ने कहा है उन्हें तत्काल प्रभाव से मुक्त माना जाएं। वह भविष्य में किसी भी प्रकार की सेवा करने में असमर्थ हैं। विदित हो कि श्रीभारद्वाज लंबे समय से संगठन में समर्पित भाव से सेवा करते रहे। पूर्व में ब्रजमंडल महामंत्री, ब्रजमंडल उपाध्यक्ष के रूप सेवा के उपरान्त ब्रजप्रांत महामंत्री के रूप में सक्रियता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन किया। त्यागपत्र की एक प्रतिलिपि ब्रजप्रांत अध्यक्ष आचार्य लालजीभाई शास्त्री को भी सौंप दी है।

# डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 पर करें कॉल



मथुरा/गोवर्धन। थाना पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत परिक्रमा मार्ग में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच, बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया। महिलाओं और बालिकाओं को बताया गया कि बस, रास्तों, सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे कि व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निदेर्शों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हैल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइबर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## भट्टा मजदूर के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने वाले व्यक्ति व उसके साथी पर तीन लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर दी पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जूठी है। थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी विशाल ने बताया कि वह अपने गांव के समीप एक ईंट भट्टे पर मजदूरी कर ईट भराई का कार्य करता है। शनिवार को पीड़ित ईंट भट्ठे पर जा रहा था आरोप है कि तभी गांव के ही तीन लोगों ने पीड़ित को पकड़ लिया उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की।

# फांसी का फंदा लगाकर की अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास



कांधला। (मोहसीन रहमानी) थाना क्षेत्र के इदरीश बैंग बिहार कॉलोनी में एक युवक ने गृह क्लेश के चलते अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। पत्नी के द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से दरवाजा तोड़कर युवक को फांसी के फंदे से उतरा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र की इदरीश बैग बिहार कॉलोनी निवासी आमिर खान पुत्र रोजूदीन का उसके घर पर परिवार के लोगों के साथ विवाद हो गया। घरेलू विवाद होने के कारण युवक तनाव में आ गया और अपने घर में पंखे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। युवक के द्वारा की गई हरकत पर उसकी पत्नी ने शोर मचा दिया। मौके पर आसपास के लोग भी आ गए और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा और फांसी के फंदे पर झूल रहे युवक को नीचे उतरा और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस की मुस्तैदी एवं आसपास के लोगों की मदद से युवक की जान बच गई युवक के द्वारा किया गया मामला चर्चा का विषय बना रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए युवक एवं उसके परिजन के बयान दर्ज किए और बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट गई।

# कलश यात्रा के साथ मोहिनी दासी की संगीतमयी भागवत कथा प्रारंभ



वेलकम इंडिया

मथुरा/बलदेव। खंदौली-बलदेव रोड स्थित टेढ़े-मेढ़े बाबा आश्रम हथकौली परिसर में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व गांव में कलश यात्रा निकाली गयी।

इस कथा का आयोजन ब्रह्मलीन संत टेढ़े-मेढ़े बाबा के आश्रम में किया जा रहा है। कथा वाचक वृंदावन परिक्रमा मार्ग निवासी मोहिनी कृष्ण दासी ने व्यास गद्दी का पूजन कर कथा का प्रारंभ किया।

कथा आरंभ से पूर्व भक्तों ने पूरे गांव में कलश यात्रा निकाली। इस यात्रा में सैकड़ों महिलाएँ और पुरुष भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए।

प्रथम दिवस की कथा में मोहिनी कृष्ण दासी ने भागवत कथा के महात्म को भावपूर्ण ढंग से समझाया और विभिन्न प्रसंगों व उदाहरणों सब माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण व नारद जी आदि इष्ट देव की लीलाओं का वर्णन किया। कथा के दौरान कथा वाचक मोहिनी ने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस कथा के परीक्षित रामू सिकरवार एवं उनकी धर्मपत्नी हैं। शिवम एवं संगीतकारों ने कथा की व्यवस्थाओं को संभाला।

आयोजन में समस्त ग्रामीण श्रद्धा और उत्साह के साथ जुटे हुए हैं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आश्रम पर साधु संतों की सेवा की जा रही है।

# सामान खरीदने आई किशोरी हुई लापता, बरामदगी की गुहार

कांधला। कस्बा निवासी एक व्यक्ति की 14 वर्षीय पुत्री घर से बाजार में सामान खरीदने के लिए आई थी जो घर नहीं पहुंची पीड़ित ने एक रिश्तेदार पर उसकी पुत्री को गायब करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री विगत शुक्रवार को पड़ोस की महिलाओं के साथ बाजार से कप एवं प्लेट खरीदने के लिए आई थी। मगर उसकी पुत्री शाम तक घर पर नहीं पहुंची काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी पुत्री का कहीं सुराग नहीं लगा। शनिवार को पीड़ित के दामाद द्वारा बताया गया कि उसकी पुत्री को मुजफ्फरनगर के खाला पार निवासी उसके एक रिश्तेदार ने अपने घर पर रख रखा है। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पर पहुंचकर अपनी पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# पीएम धन धान्य योजना के सजीव प्रसारण को किसानों ने सुना

वेलकम इंडिया



मथुरा। उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि एवं गो अनुसंधान संस्थान दुवासु मथुरा के माननीय कुलपति प्रोफेसर डा अभिजीत मित्रा निर्देशन पर कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में निदेशक प्रसार डा अतुल सक्सेना की अध्यक्षता में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारंभ की गई।

पीएम धन-धान्य योजना के अन्तर्गत 4200 करोड रुपये से अधिक की परियोजनाओं के अवसर पर जनपद के सैकडों किसानों, पदाधिकारियों ने कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सुना और देखा। इसमें पीएम धन-धान्य कृषि योजना, दलहन आत्म निर्भर मिशन, कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 1100 से अधिक परियोजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास किया गया है। केवीके प्रभारी डा वाईके शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई धन धान्य योजना के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं को समायोजित कर देश 100 अति पिछडे जनपदों को चयनित कर कृषि विकास को गति दी जायेगी।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग मथुरा द्वारा 21 पैरावेट/ मैत्री को उत्कृषट कार्य हेतु प्रमाण पत्र दिए गए।

कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी सोनू अग्रवाल, एसडीओ मथुरा सुशील कुमार गौतम, डिप्टी सीवीओ डा अनिल कुमार, नोडल अधिकारी डा धमेन्द्र कठेरिया, डा प्रीति गंगवार, डा वैभव शर्मा, डा नेहा, डा बृजमोहन, डा रविन्द्र कुमार राजपूत आदि मौजूद रहें।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर तरुण चेतना द्वारा बच्चों का कराया गया पुलिस स्टेशन का भ्रमण

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



प्रतापगढ़। बच्चे देश के कर्णधार है उन्हे आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। उक्त विचार पट्टी कोतवाली में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के तहत 03 से 11अक्टूबर तक मनाये जा रहे अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के क्रम में आज तरुण चेतना द्वारा संचालित बाल अधिकार परियोजना के बच्चों के एक्सपोजर विजिट के दौरान क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने कही। श्री रघुवंशी ने बच्चों को एफ आई आर प्रक्रिया, पॉक्सो एक्ट, और बाल सुरक्षा के बारे में जानकारी दिया।

बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होने कहा कि आप अपने रुचि अनुसार तनावमुक्त पढ़ाई करे सफलता अवश्य मिलेगी। इसी क्रम में मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक अर्चना ने बच्चों को साइबर क्राइम 1930, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस हेल्पलाइन 112 सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इसी क्रम में उपनिरीक्षक ज्योति ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर पुलिस द्वारा नियंत्रण और त्वरित कार्यवाही के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल ने भी कविताओं के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पट्टी अभिषेक कुमार सिरोही ने बच्चों को मिशन शक्ति केंद्र, बंदी गृह, व थाना परिसर का भ्रमण कराकर पुलिस द्वारा किए जा रहे अपराध नियंत्रण की भौतिक जानकारियां दी। श्री सिरोही ने मिशन शक्ति के तीन स्तंभ ₹नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,एवं नारी स्वावलंबन₹ पर विशेष जोर देते हुए बालिकाओं को प्रोत्साहित किया।

# आगरा की मिसेज यूनिवर्स हेमा बैजल ने करवा चौथ पर महिलाओं को भेजा संदेश

वेलकम इंडिया



आगरा। हेमा बैजल, मिसेज यूनिवर्स ने करवा चौथ के पावन अवसर पर महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि करवा चौथ केवल एक व्रत नहीं है, बल्कि यह पति-पत्नी के बीच प्रेम, समर्पण और विश्वास का प्रतीक है।

हेमा बैजल ने विशेष रूप से महिलाओं को यह संदेश दिया कि रिश्तों की खूबसूरती हमेशा त्यौहार और परंपराओं में निहित होती है।

करवा चौथ का व्रत सहनशीलता और समर्पण सिखाता है। अपने परिवार और प्रियजनों के लिए प्रेम और श्रद्धा का भाव हमेशा बनाए रखें। हेमा बैजल ने महिलाओं को यह भी याद दिलाया कि अपने स्वास्थ्य और खुशियों का ध्यान रखना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना परंपरा निभाना।

उनके इस संदेश पर सोशल मीडिया पर महिलाओं ने भी गहरा उत्साह व्यक्त किया और इसे प्रेरणा और सकारात्मकता का संदेश बताया। करवा चौथ का व्रत आपके जीवन में प्रेम, खुशियाँ और समर्पण की नई रोशनी लेकर आए। अपने रिश्तों में हमेशा प्रेम और विश्वास बनाए रखें। हेमा बैजल की ओर से सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ !₹ ₹इस पावन पर्व पर आपके जीवन में सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशियों की वर्षा हो। करवा चौथ का त्यौहार आपके परिवार में प्रेम और सामंजस्य बनाए रखे।

# पत्नी को तमंचा दिखाकर मारपीट व धमकी, पुलिस ने भेजा जेल

वेलकम इंडिया



कांधला। (मोहसीन रहमानी) थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी एक महिला ने अपने पति पर तमंचा दिखाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने महिला की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को तमंचा एवं कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी महिला ने बताया कि उसका पति पीड़िता के साथ आए दिन मारपीट करता है। और बार-बार पीड़िता को तमंचा दिखाकर उसे डराता धमकता है और गोली मारने की धमकी देता है।

पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ने के लिए जब उसके घर पर दबिश दी तो आरोपी के पास से एक तमंचा वह जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इसरार पुत्र दीन मोहम्मद बताया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा करवा चौथ पूजा सम्पन्न



वेलकम इंडिया

झांसी। उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा आज यात्रिक होटल में सभी सदस्याओं द्वारा मां गौरी का पूजन व कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आईडब्ल्यूपी अकाडेमी, मानस्विन ग्रुप के सौजन्य से सभी सदस्य करवा चौथ थीम में तैयार हुईं। कार्यक्रम संयोजिका निधि नगरिया ने सभी का स्वागत हल्दी कुमकुम के साथ किया। इसकी पश्चात सभी ने अपनी सुंदर प्रस्तुति दी, जिसमें रजनी गुप्ता प्रथम, मीनू चावला द्वितीय तथा सुनीता गुप्ता तृतीय स्थान पर करवा चौथ क्वीन बनाई गईं। अन्य प्रतियोगिताओं में नेहा झा, कल्पना गुप्ता अलका मित्तल इत्यादि ने बाजी मारी। कार्यक्रम में रजनी गुप्ता शशि सराओगी रजनी सेठ सीमा तिवारी कल्पना गुप्ता रचना सोनी पल्लवी चतुर्वेदी राम श्री गुप्ता कुसुम साहू मधु अग्रवाल ममता अग्रवाल नेहा झा अनीता वासुदेव रश्मि महेंद्रु सुनीता गुप्ता मीनू चावला कविता गुप्ताअलका मित्तल शिवांगी सेठ दिव्या गुप्ता इत्यादि शामिल हुए।

# कूड़ा विलोपित स्थल लोगों के लिए बना मुसीबत का सबब

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

**बरेली।** बहेड़ी - शेरगढ़ रोड पर स्थित कूड़ा विलोपित स्थल पर लगे कूड़े के अंबार से राहगीर और आस पास के गांव के लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कूड़ा विलोपित स्थल में बाउंड्रीवॉल बनी हुई है, इसलिए सभी कार्य उसके ही अंदर होने चाहिए, लेकिन उससे सटे शेरगढ़ हाईवे पर ही कूड़ा डालकर कूड़े का पहाड़ बना दिया गया है। आंधी और बारिश में यह कूड़ा हाइवे पर फैल जाता है, जिससे कोई भी राहगीर इसकी चपेट में आ सकता है। कूड़े से रोड पर फिसलन हो जाती है बाइक सवार बड़ी दुर्घटना के शिकार भी हो सकते हैं।

कूड़ा की वजह से कुत्तों के झुंड हाइवे पर जमा हो जाते है। जो कि राहगीरों के ऊपर झटते रहते हैं है। जिनके डर की वजह से लोगों में काफी नाराजगी भी देखी गई है। इसी रोड पर बहेड़ी का एक बड़ा जेएंडए कॉलेज एवं इंटरनेशनल स्कूल भी है जिनके सैकड़ों बच्चे रोड पर पड़े इस कूड़े के ढेर के पास से होकर गुजरते हैं, जिनमें संक्रमण फैलने का खतरा भी अब मंडरा रहा है।

कूड़े के पास बैठे कुत्ते अक्सर बच्चों और राहगीरों के ऊपर दौड़ते हैं जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

मन्दनपुर जनूबी, धमीपुर, चक नरकंडा, शरीफ नगर, आदलपुर सहित दर्जनों गांव के लोग रोड पर पड़े कूड़े से बहुत परेशान हैं और स्थानीय प्रशासन से इस समस्या के समाधान के लिए गुहार लग रहे हैं।



## बागेश्वर में लगेगा सहकारिता मेला 100 से अधिक लगेंगे स्टाल

**बागेश्वर ।** जिले में 13 से 17 अक्टूबर तक सहकारिता मेला आयोजित किया जाएगा। मेले का आयोजन नुमाइशखेत मैदान में होगा। जहां 100 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे। पांच दिवसीय मेले में सहकारी समितियों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। जाएगी। विकास भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए सीडीओ आर सी तिवारी ने बताया कि मेले में विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। मेले के माध्यम से स्थानीय काश्तकारों, महिला स्वयमसेवी संस्थाओं से जुड़े हुए लोगों और महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित कर मेले के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध प्रदान कराया जाएगा।मेले के माध्यम से उद्यमी काश्तकारों को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

# उपज ने सरधना में किया कुनबा विस्तार, कुलदीप बने महामंत्री, ललित गुप्ता को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश पत्रकार एसोसिएशन (उपज) के सरधना तहसील इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को बिनोली रोड स्थित चौधरी मार्किट में पत्रकार ललित गुप्ता के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपज के मेरठ जिला अध्यक्ष अजय चौधरी ने की, जबकि संचालन तहसील अध्यक्ष साजिद कुरैशी ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार, एकता और पत्रकारों के हितों की रक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि आज पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक संघर्षपूर्ण जिम्मेदारी बन चुकी है। सच्चाई दिखाने और जनता के मुद्दे उठाने वाले पत्रकारों को अक्सर सरकारी दबाव और प्रशासनिक उपेक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय चौधरी ने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ हैं, जब यह स्तंभ कमजोर होगा तो लोकतंत्र भी कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि उपज संगठन सदैव पत्रकारों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। संगठन की पहचान अनुशासन, एकजुटता और सक्रियता में निहित है। बैठक में संगठन विस्तार के तहत कुलदीप कुशवाहा को महामंत्री, ललित गुप्ता को उपाध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार शाहिद मिर्जा को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा मेराज पठान, शौकीन बेताब और रईस अहमद को नई सदस्यता दी गई, जिनका उपस्थित पत्रकारों ने फूलमालाओं और तालियों से स्वागत किया। तहसील अध्यक्ष साजिद कुरैशी ने कहा कि पत्रकारों की आवाज को दबाने का हर प्रयास नाकाम होगा। उन्होंने बताया कि संगठन पत्रकारों की सुरक्षा, कानूनी सहायता और प्रशिक्षण कार्यशालाओं जैसी सुविधाओं की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। बैठक के अंत में सभी नए पदाधिकारियों का सम्मान किया गया और धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

## वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर लियाकत अली जलज को पत्नी शोक



**वाराणसी।** वरिष्ठ पत्रकार डाक्टर लियाकत अली जलज की पत्नी हमीदून निशा का शुक्रवार को उनके मायके ग्राम देवरिया थाना जहांगीर गंज जनपद अम्बेडकर में 50 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई बताया जाता है उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी उनका काफी इलाज कराया गया परन्तु वह ठीक नहीं हो पाई अपने पीछे एक पुत्र मोहम्मद आरिफ, बहु रुबीना, पोती आयत और पति डाक्टर लियाकत अली जलज को छोड़कर गो लोक चली गई इस खबर से पूरा परिवार मर्माहत है उन्हें उनके मायके ग्राम देवरिया जनपद अम्बेडकर नगर के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेंजर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. अंकिता त्यागी ने स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं का योगदान विषय पर छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सम्मिलित भारतीय वीरांगनाओं के साहस, नेतृत्व और बलिदान को रेखांकित करते हुए बताया कि रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने युद्ध के मैदान में अपनी वीरता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया तथा देश के लिए प्रेरणा स्रोत बनीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समान अवसरों के प्रति जागरूकता फैलाना है। संगोष्ठी में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बालिकाओं के सशक्तिकरण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## साधू बाबा ने गाली गलौज अभद्रता जान मारने का लगाया आरोप पुलिस को दी तहरीर

**रामघाट।(बुलंदशहर)** जरगवां में साधु पर जान से मारने की नीयत से गाली गलौज देते हुए धारदार वस्तु से हमला कर अपमानित किया गया है पीड़ित साधू ने रामघाट में रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु तहरीर दे दी है पुलिस जांच में जुटी है। आपको बता दें थाना रामघाट क्षेत्र के जरगवां निवासी 80 वर्षीय साधू महाराज रामसेवक शर्मा जरगवां ने रामघाट थाना प्रभारी को दी गई शिकायती पत्र में कहा कि मैं तावें का लोटा रतिराम यादव की दुकान से खरीद कर वापस अपने निजी आश्रम को जा रहा था तभी रास्ते में राजेश पुत्र शिव सिंह यादव जरगवां निवासी ने मुझे आवाज देकर रोका और गाली गलौज देते हुए कई बार धारदार वस्तु से प्रहार किया जो मैं अपने डंडे के सहयोग से बच गया मैंने शोर मचाया तो वहां पर ग्रामीण एकत्र हो गए तो राजेश यादव मुझको गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया पीड़ित साधू ने रामघाट थाना प्रभारी को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल ने स्नातक चुनाव को लेकर महिला मोर्चा पदाधिकारीयो संग की बैठक



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** गुलाब बाग कार्यालय सिगरा पर 11 अक्टूबर शनिवार को महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल ने स्नातक चुनाव को लेकर सभी महिला मोर्चा पदाधिकारीयो सँग किया बैठके अध्यक्ष कुसुम सिंह ने बैठक मे सभी महिलाओं को स्नातक चुनाव मे जोर शोर से लगकर सभी मंडलो मे अधिक से अधिक स्नातक चुनाव फार्म भरवाने के लिये किया प्रोत्साहित और सभी को फार्म भी वितरण कीयो कुसुम पटेल ने कहा की जैसै हर चुनाव मे महिला मोर्चा पुरे मन से बढ-चढ़कर हिस्सा लेती है इस स्नातक चुनाव मे भी पुरी टीम के साथ जिम्मेदारी निभाएंगी इसी को लेकर सभी महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक मे मुख्य रूप से मंजू सिंह, प्रज्ञा पांडे, रिचा सिंह, प्रिती उषा, सिंह, अमृता श्रीवास्तव, राधा देवी व माधूरी गुप्ता अनिशा शाही उपस्थित रही ।

# फोन पर जानू कहते ही मचा बवाल, पत्नी ने कर दिया जिला अस्पताल में तमाशा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** शनिवार सुबह जिला अस्पताल का माहौल अचानक फिल्मी सीन में बदल गया। जहां इलाज कराने आई एक महिला ने अपने पति को फोन पर किसी 'जानू' से मीठी बातें करते रंगे हाथों पकड़ लिया। फिर क्या था अस्पताल का सन्नाटा चिल्लपों में बदल गया और मरीजों से लेकर वार्ड बॉय तक तमाशा देखने पहुंच गए। घटना थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल परिसर की है।

जानकारी के मुताबिक महिला अपने बच्चे का इलाज कराने आई थी। इसी दौरान उसने देखा कि उसका पति अस्पताल के एक कोने में छुपकर किसी महिला से मुस्कुराते हुए बात कर रहा है। जब पत्नी ने पास जाकर सुना, तो उसके कानों में ₹जान, तुम परेशान मत हो...₹ जैसे शब्द पड़े और वहीं उसका पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया ! गुस्साई पत्नी ने झपट्टा मारकर पति का मोबाइल छीन लिया और सबके सामने चिल्ला पड़ी अब बोलो, कौन है वो जिसके लिए घर भूल गए हो ?₹ पति ने समझाने की कोशिश की, मगर तब तक देर हो चुकी थी।

आसपास के मरीज, तीमारदार और अस्पतालकर्मी तमाशा देखने जुट गए। कोई वीडियो बना रहा था, तो कोई कह रहा था ₹ये तो लाइव सीरियल चल रहा है भाई !₹ करीब दस मिनट तक चले इस जोरदार ड्रामे के बाद अस्पताल परिसर में तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद दोनों को शांत कराया गया। महिला का आरोप था कि उसका पति पिछले कई दिनों से किसी दूसरी महिला से मोबाइल पर बात करता है और घर की ओर ध्यान ही नहीं देता है। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने भेज दिया और मामले को शांत कराया। लेकिन अस्पताल में इस घटना की चर्चा पूरे दिन चलती रही ₹इलाज तो कोई करवाने नहीं आया, इलाज हो गया इश्क का !

## सफाई कर्मचारी पर लोहे का ढक्कन चोरी करने का आरोप

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** कस्बे के बाईपास मार्ग पर एक सफाई कर्मचारी सीवर का लोहे का ढक्कन उठाकर अपने वाहन में ले जाता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद दुआ है एक दुकानदार ने चोरी करने का आरोप लगाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। कस्बा निवासी नौशाद मलिक पेप्सी सहित अन्य पेय पदार्थ का थोक विक्रेता है। उसकी दुकान कस्बे के बाईपास मार्ग पर है दुकानदार ने अपनी सुरक्षा के लिए दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। शनिवार को दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए बताया है कि वीडियो में दिख रहा यह युवक नगर पालिका का सफाई कर्मचारी है। पालिका कर्मचारी नगर पालिका के लोहे का सीवर का डक्कन ने चोरी कर अपने वाहन में ले जा रहा है। पीड़ित दुकानदार ना आरोप लगाया कि पूर्व में भी उसकी दुकान के पास कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

# बहेड़ी में फायरिंग करने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** थाना बहेड़ी क्षेत्र में शुक्रवार रात फायरिंग की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी शनिवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार, 10 अक्टूबर की रात करीब 10:30 बजे भौना फार्म निवासी जैश मोहम्मद पुत्र रियाज अहमद उर्फ बडला ने गांव के ही गुरनाम सिंह पुत्र सतनाम सिंह को गोली मार दी थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर गाली-गलौज के बाद विवाद हो गया था। जिसके बाद आरोपी ने तमंचे से फायर कर दिया, जिससे गोली गुरनाम के पेट के ऊपर के हिस्से में लगी थी। घायल गुरनाम का इलाज अस्पताल में चल रहा है और वह फिलहाल खतरे से बाहर है।

इस घटना को लेकर थाना बहेड़ी में बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार सुबह करीब 6:15 बजे पुलिस टीम चौकी सिरसा क्षेत्र में भौना फार्म के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। घायल बदमाश की पहचान जैश मोहम्मद उर्फ बडला के रूप में हुई, जो कि गुरनाम सिंह पर फायरिंग वाले मुकदमे में वांछित था। मुठभेड़ स्थल से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इस मुठभेड़ को लेकर पुलिस ने बताया है कि अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एमआईईटी पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

**वेलकम इंडिया /उज्जवल रस्तौगी**




**मेरठ।** एमआईईटी पब्लिक स्कूल, पल्लवपुरम में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय सदैव शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल देता है। बालिकाओं को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं को उनके अधिकारों, आत्म-सुरक्षा तथा जीवन की चुनौतियों से जूझने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के महत्व से अवगत कराया गया और समाज में समानता, सुरक्षा एवं गरिमा के साथ जीवन जीने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नवनीत चड्ढा ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बालिका में असीम संभावनाएं निहित हैं, आवश्यकता है तो केवल आत्मविश्वास और जागरूकता की। उन्होंने बालिकाओं से अपने जीवन में सशक्त, नियंत्रित और सतर्क रहकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस अवसर पर छात्राओं को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम ने बालिकाओं में आत्म-सम्मान, आत्म-विश्वास और जागरूकता की भावना को सशक्त किया।

# डॉ घनश्याम सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्रों नें बीएचयू के स्वारम्भ कार्यक्रम में सीखी फ्रीलांसिंग स्टार्टअप्स की बारीकीयां

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** मेधा द्वारा संचालित स्वारम्भ कार्यक्रम के अंतर्गत दस अक्टूबर शनिवार को फ्लैश जैम नामक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गयो यह कार्यक्रम डॉ. घनश्याम सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गोसाईपुर के बीए, बीएससी और बीसीए के लगभग 50 छात्र एवं छात्राओं की सक्रिय भागीदारी के साथ सम्पन्न हुआ कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ना और उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान करना था इसी उद्देश्य से प्रतिभागियों को दो प्रमुख संस्थानों का भ्रमण कराया गया।

पहला भ्रमण बीएचयू इनक्यूबेटिक सेंटर में कराया गया जहाँ छात्रों ने विभिन्न स्टार्टअप्स के फ्रीलांसरों और युवा एंट्रीप्रेनर्स से मुलाकात की इन सभी ने अपने अनुभवों, चुनौतियों और कार्यशैली के बारे में छात्रों से साझा किया जिससे प्रतिभागियों को फ्रीलासिंग और एंट्रेप्रेनरशिप के दृष्टिकोण एवं नवाचार की समझ विकसित करने में मदद मिली दूसरे चरण में छात्रों को मीडिया फ्लीट ब्लू एजेंसी ले जाया गया जो एक प्रतिष्ठित डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी है वहाँ एजेंसी के सह-संस्थापक तूलिका अरोड़ा और दिव्यांश राजपूत से छात्रों की मुलाकात हुई उन्होंने अपनी उद्यम यात्रा साझा की और डिजिटल मार्केटिंग के तकनीकी पहलुओं जैसे रएड, विज्ञापन निर्माण एवं डिजाइनिंग की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की कार्यक्रम के दौरान मेधा की ओर से जयंत सिंह (सीनियर मैनेजर), देव सिंह (करियर कनेक्शन मैनेजर), प्रांशु सक्सेना, अश्विनी देवी (स्टूडेंट रिलेशनशिप मैनेजर) एवं यश पाठक (एसोसिएट) उपस्थित रहे। फ्लैश जैम कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को करियर की शुरूआत से पूर्व उन्हें वास्तविक कार्य परिवेश और प्रकृति से परिचित कराना तथा उन्हें फ्रीलासिंग एवं एंट्रेप्रेनरशिप के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

# पहलवान साहब की मजार' और अवैध मार्केट पर बुलडोजर का फैसला, मंत्री का कड़ा संदेश

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शनिवार को बरेली में करीब 50 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए मंच से बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अब बरेली में भी अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलेगा। मंत्री ने बिना नाम लिए तौकीर रजा पर निशाना साधते हुए कहा कि ₹मेयर उमेश गौतम ने पहलवान साहब की मजार और वहां बने अवैध मार्केट को दिखाया है। जैसे संभल में मजारों व मदरसों पर बनी सैकड़ों एकड़ जमीन को कब्जामुक्त कराया गया है, वैसे ही अब बरेली में भी कार्रवाई होगी। कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, बचेगा नहीं।₹ मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि पहले के शासनकाल में अधिकारी दंगाइयों पर कार्रवाई से डरते थे। उन्हें जांच या तबादले का डर रहता था। लेकिन ह्लअब प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है। यहां दंगाइयों की जगह सिर्फ जेल में है। कानून-व्यवस्था पर कोई समझौता नहीं होगा।₹ अखिलेश यादव के फेसबुक पेज ब्लॉक किए जाने के सवाल पर मंत्री ने कहा, कि ₹भाजपा ऐसा क्यों करेगी ? जनता उन्हें भली-भांति जानती है। जिनके शासनकाल में विकास रुका, बिजली के खंभे बांस-बल्ली पर लटके रहे, वे अब सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। अगर उन्होंने अपने समय में विकास किया होता, तो आज फेसबुक का सहारा नहीं लेना पड़ता।₹ मंत्री ने बताया कि ह्लजब नगरों का विकास होता है, तो बड़ी कंपनियां खुद-ब-खुद वहां आती हैं। बरेली की क्वालिटी ऑफ लाइफ में बड़ा सुधार हुआ है सड़कें चौड़ी हुई हैं, स्ट्रीट लाइटें बढ़ी हैं और शहर अब पहले से ज्यादा सुंदर दिखता है।₹ उन्होंने मेयर उमेश गौतम और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि ₹बरेली अब मेरी नजर में बदल चुका है, यहां अभूतपूर्व काम हुआ है।₹ अरविंद शर्मा ने कहा कि अप्रैल 2022 से अब तक बिजली विभाग के 337 करोड़ रुपए के कार्य पूरे हो चुके हैं और अगले तीन साल में लगभग 1000 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 86 करोड़ का नया प्रावधान किया गया है। ₹बिजली अब सिर्फ आराम की चीज नहीं है, विकास की आधारशिला बन चुकी है।

# धन्यवाद सभा एवं राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर राष्ट्रीय लोकदल से बागपत लोकसभा के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान की मांग पर गाँव सैदपुर हुसैनपुर डीलना मोदीनगर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयुष महाविद्यालय निर्माण को मंजूरी प्रदान करने पर गाँव व क्षेत्र कि और से ₹धन्यवाद सभा एवं राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान का आयोजन₹ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद द्वारा की गई। मुख्यअतिथि सदस्यता अभियान में सांसद डॉ राजकुमार सांगवान जी रहे। विशिष्ट अतिथि योगेंद्र सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता उत्तर प्रदेश, मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर भाटी क्षेत्रीय महासचिव मनवीर भाटी डॉ पूनम गर्ग, योगेंद्र सिंह पतला, रेखा चौधरी, जयदीप सिंह, विनोद चौधरी, अजित खंजरपुर, तेजबीर डबाना, विनोद गौतम, सतेंद्र तोमर, परमेन्द्र आर्य, नरेन्द्र जाटव, चन्दवीर चौधरी, कृष्ण चैंपियन, जयवीर नेहरा, अलोक चौधरी, डॉ इलम सिंह, मनीष किलोहड़ा, विराट सांगवान, सचिन प्रथमगढ, अरुण तेवतिया, कपिल चौधरी, डागर, कार्यक्रम आयोजक मनोज राठी जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, संचालन अरुण भुललन ने बेहतरीन तरिके से संचालन किया।




# आरकेजीआईटीएम में उत्सव-ए-दीवाली 2025 का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** आर0के0जी0आई0टी0एम0 गाजियाबाद में मन्थन उत्सव-ए-दीवाली 2025 का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के छात्र एवं छात्राओं ने रंगोली प्रतिस्पर्धा एवं टैलेंट राउन्ड का आयोजन किया। छात्र एवं छात्राओं की शानदार प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आयोजन मन्थनः द फोर्टे के तत्वावधान में हुआ। अक्षित गुप्ता, जितेश, शुभांगम, वैभव, आर्य, रिया, अंशिका अवन्या, पूजा, कशिष, सगुन, अनुराग, और आर्यन आदि इस कार्यक्रम को आयोजित किया। उपस्थित फैकल्टी मेम्बर्स ने छात्र एवं छात्राओं का भरपूर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अन्त में निदेशक डॉ0 राकेश गोयल ने विजयी छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार देकर सभी छात्र एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में संस्थान की डीन प्रो0 मनोरमा शर्मा, डॉ0 आभा वत्स, डॉ0 राशि सक्सेना एवं सभी फैकल्टी मेंम्बर्स उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों के लिए 'सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** खेलों के प्रति उत्साह और समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जनपद में शनिवार को दिव्यांग बच्चों के लिए 'सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। यह अनूठा आयोजन आशा विद्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। महोत्सव का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने रंग-बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़कर किया। इस अवसर पर वातावरण देशभक्ति और उल्लास से भर गया। कार्यक्रम की शुरूआत मूकबधिर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिसमें देशभक्ति गीतों पर उनके नृत्य प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। यद्यपि वे संगीत नहीं सुन सकते, फिर भी उन्होंने वाइब्रेशन और ताल की अनुभूति से अपनी प्रस्तुति में अद्भुत तालमेल और उत्साह दिखाया।

अपने संबोधन में सुनील बंसल ने कहा कि 'सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन न केवल युवाओं और बच्चों में खेल भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि यह उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। ऐसे आयोजन प्रतिभाशाली खिलाडि ?ों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना विकसित करते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य फिट इंडिया मूवमेंट को जन-जन तक पहुंचाना और युवाओं में खेल संस्कृति, टीम वर्क तथा नेतृत्व के गुणों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों की भागीदारी यह सिद्ध करती है कि संकल्प और हौसले के आगे शारीरिक सीमाएँ भी बौनी पड़ जाती हैं। महोत्सव में स्कूल बैंड की अगुवाई में मार्च पास्ट निकाला गया, जिसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में दिव्यांग बच्चों ने अपनी शानदार क्षमताओं का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों से भरपूर सराहना प्राप्त की। इस आयोजन में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सांसद खेल महोत्सव के संयोजक पप्पू पहलवान, विधानसभा संयोजक अनुज मित्तल, सह संयोजक हरमीत बक्शी, सीडीओ अभिनव गोपाल, तथा आशा विद्यालय की प्रधानाचार्य मोहनी सैमसन सहित शिक्षकों अंकुर पाठक, दिव्य दुबे, अंशुल चौहान, अभिषेक धनुख और सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक नंद किशोर गुर्जर, विधायक संजीव शर्मा, पूर्व सांसद डॉक्टर रमेश चंद तोमर, अनिल अग्रवाल, आशु वर्मा, विजय मोहन, रीना भाटी, पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल समेत अनेक गणमान्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मेहन्दी प्रतियोगिता कराकर लायंस क्लब राइजिंग स्टार ने बढाया बालिकाओं का मनोबल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** लायंस क्लब राईजिंग स्टार ने पी बी ए एस कन्या विद्यालय मे महेन्दी प्रतियोगिता कराकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर क्लब के द्वारा ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह व श्रीमति सुधा वैशाली को निर्णायक के रूप मे आमंत्रित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. संगीता शर्मा व लायंस क्लब की चार्टर अध्यक्ष लायन डा. वर्षा गुप्ता द्वारा अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर, पौधा देकर व सूक्ष्म उपहार देकर किया गया। भोजपुर ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह व श्रीमति सुधा वैशाली, क्लब की वाइस प्रेसिडेंट लायन अपराजिता सिह व क्लब की सचिव ने भी बालिकाओं का महेन्दी लगवाकर उत्साह वर्धन किया। क्लब अध्यक्ष लायन डा. वर्षा गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताये बच्चो को अपनी संस्कृति से जोडती है तथा बच्चो का मानसिक विकास भी बढाती है वही उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. संगीता शर्मा के द्वारा किए जा रहे विद्यालय हित के कार्यो की भी भूरि भूरि प्रशंसा करी। बालिकाओं की कल्पना शक्ति के आधार पर प्रथम पुरस्कार रिजा, द्वितीय पुरस्कार इकरा, तृतीय पुरस्कार अलीफसा, प्रथम सांत्वना पुरस्कार प्रियंका, द्वितीय सांत्वना पुरस्कार परी को देकर उन्हें पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने भी बालिकाओं की रचनात्मक कला की भूरि भूरि प्रशंसा करी तथा सभी को करवा चौथ की बधाइयां प्रेषित करी। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय की अध्यापिका वर्ग संध्या माहेश्वरी, पूजा माहेश्वरी व शुभांगी पाठक का विशेष सहयोग रहा।




# विधान परिषद स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया जिले में शुरू हो गई है। इसके लिए प्रशासन ने गाजियाबाद जिले में कुल 13 केंद्र बनाए हैं, जहां पात्र अभ्यर्थी अपने आवेदन फार्म जमा कर सकेंगे। आवेदन के लिए फार्म-18 और फार्म-19 निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें छह नवंबर तक जमा किया जा सकेगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 25 नवंबर को किया जाएगा। इसके बाद 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दाखिल करने की प्रक्रिया चलेगी। सभी दावे और आपत्तियों की जांच के बाद 30 दिसंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। जिला प्रशासन ने मतदाता सूची की तैयारियों के लिए सभी केंद्रों पर अधिकारियों की तैनाती कर दी है। अधिकारी संबंधित केंद्रों पर मतदाताओं से आवेदन फार्म प्राप्त करेंगे और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इन केंद्रों में लोनी तहसील का विकास खंड कार्यालय लोनी, तहसील लोनी, कैलाशवती इंटर कॉलेज, नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज मकनपुर, जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र, राजकीय पॉलीटेक्निक, इंग्राहम इंटर कॉलेज, क्षेत्रीय कार्यालय नगर निगम सिटी जोन, क्षेत्रीय कार्यालय नगर निगम विजयनगर, विकास खंड कार्यालय रजापुर, हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर, साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुरी और विकास खंड कार्यालय भोजपुर शामिल हैं।

## क्रिकेटर यश दयाल पर यौन उत्पीड का मामला: लिंकरोड पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

**साहिबाबाद।** लिंकरोड पुलिस ने यौन उत्पीड के मामले में क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस जांच में युवती के आरोप सही पाए गए और जांच के दौरान प्राप्त सबूतों के आधार पर 14 पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। पुलिस ने चार्जशीट में लिंकरोड थाना क्षेत्र के होटल की सीसीटीवी फुटेज और होटल का रिकॉर्ड भी शामिल किया है। बताया गया कि यह मामला 21 जून को इंदिरापुरम निवासी एक युवती द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद सामने आया। युवती ने आरोप लगाया था कि यश दयाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और मानसिक उत्पीड ? किया। इस शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। 27 जून को युवती के बयान दर्ज किए गए और दुष्कर्म से जुड़े कई साक्ष्य पुलिस को मिले। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि घटना इंदिरापुरम में नहीं बल्कि लिंकरोड थाना क्षेत्र में हुई थी। इसके बाद मामले की जांच लिंकरोड थाना को ट्रांसफर कर दी गई।

# चूड़ियाला मे गुर्जर चौपाल का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर के गुर्जर बाहुल्य ग्राम चूड़ियाला मे देवव्रत धामा के द्वारा "गुर्जर चौपाल₹ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे पीडीए, दलित-वंचित-शोषितो की भारत मे वर्तमान मे सबसे प्रखर व मजबूत आवाज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद प्रधान ने और संचालन आयोजक देवव्रत धामा ने किया, कार्यक्रम मे क्षेत्र के गुर्जर समाज के सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। राजकुमार भाटी जी ने उपस्थित गुर्जरों को समझाते हुए कहा की जैसे हाथी को अपनी ताकत का अंदाजा नहीं होता उसी तरह गुर्जर समाज है गुर्जर उत्तर प्रदेश मे 132 सीटों पर प्रभावी संख्या मे है। मगर कभी भी पार्टियों या सरकारों को जाता नहीं पता की वो उनकी वजह से बनी हैं या गुर्जर ने उस पार्टी को वोट दिया, उन्होंने समाज तो विश्वास दिलाते हुए कहा की इस बार वे अखिलेश यादव को गुर्जरों के वजन और ताकत का अहसास कराने मे कामयाब रहे है और इस बार हमें ज्यादा टिकट और जीतने के बाद ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। देवव्रत धामा ने कहा की राजकुमार भाटी आज के सरदार पटेल है जैसे उन्होंने रियासतें जोड़ी थीं उसी तरह से आज राजकुमार भाटी गुर्जरों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। हरिराज पलौता, शिवराज डीलना, सुनील प्रधान, विकास प्रधान, इन्द्र प्रधान, विनोद गुर्जर, रविंद्र बैसला, ललित गुर्जर, जिले प्रधान, ललित विकल आदि ने भी उपस्थित गुर्जरों को समाजवादी पार्टी से जुड़ने की अपील की।



# गंदे जलभराव की समस्या को लेकर अबूपुर में अनिश्चितकालीन धरना

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** निर्वाण फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम अबूपुर में गलत दिशा में बनी नालियों और स्वास्थ्य केंद्र के पास गंदे जलभराव की समस्या को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना अपने चौदहवें दिन तथा अनशन के छठे दिन में पहुँच गया। निर्वाण फाउंडेशन के ईश्वर चंद्र ने बताया कि आज प्रशासन ने आखिरकार पहली बार सक्रियता दिखाई तहसीलदार मोदीनगर स्वयं धरना स्थल पर पहुँचे। उन्होंने अनशनकारी के स्वास्थ्य की जानकारी ली, और मौका मुआयना कर यह स्वीकार किया कि समस्या वास्तव में गंभीर और यथार्थ है।तहसीलदार ने मौके से ही ए.डी.ओ. पंचायत से फोन पर वार्ता की और धरना स्थल पर मौजूद प्रतिनिधियों को भी उनसे बात कराई। ए.डी.ओ. पंचायत द्वारा बताया कि 4 अक्टूबर को लगभग 16 लाख का प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी को नालियों के निर्माण हेतु भेजा जा चुका है, और फंड प्राप्त होते ही निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा। ईश्वर चंद्र ने साफ कहा जब तक कार्य प्रारम्भ नहीं होता, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। जनजागृति पदयात्रा की घोषणा ईश्वर चंद्र ने यह घोषणा की कि यदि आज शाम तक नालियों का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं होता है, तो 12 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे धरना स्थल से एक जनजागृति पदयात्राह्व प्रारम्भ की जाएगी। नितिन चौधरी, उज्वल चौधरी, अनिल कुमार जैन, अलका चौधरी, नवनीत तोमर, महेंद्र, सन्नी, पवन खुराना, अंकित शर्मा, रिजवान, नागेंद्र, छत्र पाल, बब्लू, हरपाल, कालू, जितेंद्र, सूरज कुमार, चंद्रपाल, सुमित, मनोज, धर्मबीर, आकाश, अजीत, गौर, शिवम, दिनेश, ओमपाल सिंह, हरेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे।



# नवप्रवेशित छात्राओं हेतु नवोदय ओरिएण्टेशन कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में बी. ए. की नवप्रवेशित छात्राओं हेतु नवोदय ओरिएण्टेशन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना गाकर किया गया उसके बाद डॉ. ऋषिका पांडे ने प्राचार्या का स्वागत पटका व पौधा भेंट करके किया। नवप्रवेशित छात्राओं को शैक्षणिक और सहपाठ्यचर्या गतिविधियों से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन व संचालन संगीत विभाग की अध्यक्षा डॉ. आकांक्षा सारस्वत व गृहविज्ञान विभाग की अध्यक्षा सुश्री ऐशवर्या बहुगुणा ने किया। छात्राओं को महाविद्यालय की गौरवशाली विरासत और अकादमीक उपलब्धियों से अवगत कराया गया साथ ही महत्वपूर्ण शैक्षणिक व स्टूडेंट् सेंट्रिक समितियों एन.एस.एस., रोवर्स रेंजर्स, एन.सी.सी. सांस्कृतिक समिति, पर्यावरण समिति, पुस्तकालय इत्यादि से अवगत कराया साथ ही बताया गया कि इनमें छात्राओं की प्रतिभागिता उनके नेतृत्व, कौशल, जिम्मेदारी और व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगी। प्राचार्या ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा की आप सभी छात्राओं का हमारे गोरवमयी व प्रतिष्ठित महाविद्यालय में स्वागत है। आप मन लगा कर अपनी शैक्षणिक व व्यक्तित्व विकास की ओर कदम बढ़ाये आपकी सहायता हेतु हमारा पूरा महाविद्यालय आपके साथ है। इस सफल कार्यक्रम के लिए प्राचार्या ने आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सुश्री शिवानी शर्मा, कुँ. ज्योति एवं नाजिया, विपुल, चंचल, निशा आदि छात्राओं का योगदान रहा! इस कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति व छात्राओं की उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता रही।



# नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों का लिया जायजा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर के विकास कार्यों को लेकर लगातार सक्रिय हैं और प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में जाकर निगम के कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को नगर आयुक्त ने इंदिरापुरम क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, निमार्णाधीन नालों और सड़कों की गुणवत्ता की जांच की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ निगम के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के अधिकारी भी इस संयुक्त निरीक्षण में शामिल हुए। मौके पर क्षेत्रीय पार्षद संजय सिंह (वार्ड संख्या 100) और पार्षद धीरज अग्रवाल (वार्ड संख्या 81) ने भी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी नगर आयुक्त को दी।

मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी ने नगर आयुक्त को कैलाश मानसरोवर रोड, सीआईएसएफ रोड, नीति खंड-1 के दो मार्गों, विधायक कॉलोनी अहिंसा खंड तथा अन्य क्षेत्रों में चल रहे नाला निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। नगर आयुक्त ने मौके पर निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के साथ-साथ कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इंदिरापुरम क्षेत्रवासियों से नगर आयुक्त ने अपील की कि वे चल रहे विकास कार्यों में सहयोग करें ताकि क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और सुविधा में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को निर्देशित किया कि इंदिरापुरम क्षेत्र में हो रहे सभी कार्यों की मॉनिटरिंग और अधिक सशक्त व नियमित की जाए। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम इंदिरापुरम क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर विशेष रूप से सक्रिय है। निर्माण विभाग के साथ-साथ स्वास्थ्य और उद्यान विभाग की गतिविधियां भी तेजी से प्रगति पर हैं।

शहर के सर्वांगीण विकास के लिए निगम लगातार प्रयासरत है और आम नागरिकों के सुझावों को भी गंभीरता से लिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश नगर, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज, महाप्रबंधक (जल) कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रकाश प्रभारी आश कुमार, जीडीए के मुख्य अभियंता (निर्माण) आलोक रंजन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि निगम की प्राथमिकता साफ-सुथरा, व्यवस्थित और सुविधाजनक शहर बनाना है। इसके लिए हर विभाग को समन्वय बनाकर जिम्मेदारी से कार्य करना होगा ताकि इंदिरापुरम क्षेत्र एक मॉडल कॉलोनी के रूप में विकसित हो सके।

# पिंक बूथ टीम की तत्परता से 5 वर्षीय बच्ची सकुशल बरामद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** थाना नंदग्राम की पिंक बूथ टीम ने शनिवार को एक गुमशुदा 5 वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। यह घटना वादिया निवासी परिवार की सूचना पर सामने आई, जिन्होंने बताया कि उनकी पुत्री अचानक घर से कहीं चली गई है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय के नेतृत्व में तत्काल टीम का गठन किया गया। टीम ने बीट प्रणाली का कुशलतापूर्वक उपयोग करते हुए जिले की विभिन्न बीट ग्रुप्स के माध्यम से जानकारी का प्रसार किया। स्थानीय लोगों के सहयोग से संभावित स्थानों जैसे बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन आदि पर खोजबीन की गई। उपासना पांडेय के निर्देशन में पुलिस टीम ने हर सम्भावित जगह पर जांच की और मात्र दो घंटे के भीतर भीम चौक घूकना से बच्ची को सुरक्षित ढंग से बरामद किया। टीम ने तत्परता और रणनीति के माध्यम से बच्ची को किसी भी प्रकार के खतरे से सुरक्षित रखा और तुरंत परिजनों के सुपुर्द किया। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि टीम की प्रभावी कार्यशैली और तेजी से निर्णय लेने की क्षमता ने इस सफलता को संभव बनाया। उन्होंने कहा कि गुमशुदा बच्चों की तलाश में पुलिस की सक्रियता और स्थानीय लोगों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पिंक बूथ टीम की समानान्तर जांच, बीट प्रणाली का प्रभावी उपयोग और त्वरित प्रतिक्रिया ने यह साबित किया कि पुलिस विभाग न केवल अपराध निवारण में तत्पर है बल्कि आम जनता की सुरक्षा और बच्चों की सुरक्षा के मामले में भी पूरी तरह सक्रिय है। उपासना पांडेय ने सभी नागरिकों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति या गुमशुदा बच्चे की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई कर किसी भी दुर्भाग्य से बचा जा सके। इस घटना ने इलाके में पुलिस की तत्परता और जनता के प्रति उनके समर्पण की सराहना की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई से आम जनता का पुलिस के प्रति भरोसा और सुरक्षा में बढ़ोतरी होती है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सड़कों पर उतरे हजारों शिक्षक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देशभर में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) को लेकर जारी विवाद ने अब गाजियाबाद में बड़ा रूप ले लिया है। सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय में सेवारत शिक्षकों के लिए दो वर्ष के भीतर टीईटी पास करना अनिवार्य किए जाने के विरोध में शनिवार को गाजियाबाद के हजारों शिक्षक अब हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। इससे पहले शिक्षक 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं। शिक्षक संगठनों ने इस निर्णय को सेवारत शिक्षकों के अधिकारों पर आघात बताते हुए इसे अव्यावहारिक और असंवेदनशील करार दिया है। उनका कहना है कि जो शिक्षक वर्षों से शिक्षा सेवा में कार्यरत हैं, उनके लिए अचानक टीईटी को अनिवार्य कर देना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि उनके भविष्य और पदोन्नति दोनों को खतरे में डालता है। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि टीईटी परीक्षा एक बार ली जाने वाली पात्रता परीक्षा है, जिसे नई नियुक्तियों के लिए बनाया गया है, न कि सेवारत शिक्षकों की क्षमता जांचने के लिए। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 से पहले सेवा नियमावली के अनुसार योग्य माने जाते हैं, इसलिए उनके लिए यह नई शर्त लागू नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के समय की न्यूनतम अर्हता सेवा के दौरान बदली नहीं जा सकती। सरकार को चाहिए कि वह अधिनियम में संशोधन कर उन शिक्षकों को राहत दे जो पहले से नियमित रूप से सेवा कर रहे हैं। शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने बताया कि संगठन इस मुद्दे को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमने कई बार धरना, ज्ञापन और आंदोलन के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुँचाई, परंतु अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

# प्यार में पति बना रोड़ा तो पत्नी ने प्रेमी संग रच दी हत्या की साजिश, पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** लिंक रोड थाना पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्या का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला न केवल अवैध संबंधों की कहानी बयां करता है, बल्कि एक महिला की निर्दयी साजिश को भी उजागर करता है जिसने अपने ही पति को मौत के घाट उतार दिया। लिंक रोड थाने के एसएचओ अरविंद पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिजनौर के मूल निवासी और साहिबाबाद में रहने वाले योगेश पुत्र गोपाल सिंह की हत्या का पदार्फाश किया। पुलिस ने हत्या के आरोप में योगेश की पत्नी पूजा और उसके प्रेमी आशीष पुत्र उपेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ कि पूजा और आशीष के बीच लंबे समय से अवैध संबंध थे, जिसका योगेश ने विरोध करना शुरू कर दिया था। पति का विरोध दोनों प्रेमियों को नागवार गुजरा और दोनों ने मिलकर योगेश को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। इस साजिश में आशीष ने अपने दोस्त चंद्रपाल को भी शामिल कर लिया। तीनों ने मिलकर योगेश की बेरहमी से हत्या की और वारदात को पूरी तरह फुलप्रूफ दिखाने की कोशिश की। हत्या के बाद योगेश की गर्दन काटकर शव को पिलखुवा थाना क्षेत्र में फेंक दिया गया ताकि पहचान न हो सके। जब पिलखुवा पुलिस ने शव की पहचान करवाई तो पता चला कि वह बिजनौर निवासी योगेश का है। मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब यह सामने आया कि हत्या के बाद पूजा ने खुद ही लिंक रोड थाने में अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इतना ही नहीं, शव की बरामदगी के बाद वह रो-रोकर विलाप करने का नाटक भी करती रही ताकि किसी को शक न हो। 8 अक्टूबर को मृतक के भाई ब्रजपाल सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए साफ-साफ बताया कि उसके भाई की हत्या योगेश की पत्नी पूजा और उसके प्रेमी आशीष ने अपने साथी चंद्रपाल की मदद से की है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद लिंक रोड थाने के एसएचओ अरविंद पाठक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूजा को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान पहले तो पूजा ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन जब पुलिस ने सख्ती दिखाई तो उसने अपराध कबूल कर लिया। पूजा ने बताया कि योगेश उसकी और आशीष के बीच चल रहे संबंधों में बाधा बन गया था, इसलिए दोनों ने मिलकर उसकी हत्या की योजना बनाई। एसएचओ अरविंद पाठक ने बताया कि पूजा और आशीष को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीसरा आरोपी चंद्रपाल फरार है जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद करने के लिए आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। स्थानीय लोग इस बात से हैरान हैं कि एक पत्नी ने अपने ही पति की हत्या में इतनी निर्दयता और चालाकी से साजिश रची कि पहले रिपोर्ट लिखाई, फिर विलाप कर सबको भ्रमित किया।

# धर्म परिवर्तन विरोधी कानून को बरकरार रखने की मांग को लेकर विहिप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विश्व हिंदू परिषद, संत समाज और हिंदू संगठन परिवार के सैकड़ों कार्यकताओं ने धर्म परिवर्तन विरोधी कानून को बनाए रखने की मांग को लेकर शनिवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।

कार्यकताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए इस कानून को बरकरार रखने की अपील की। यह प्रदर्शन उस पृष्ठभूमि में किया गया जब प्रदेश सरकार द्वारा पारित धर्म परिवर्तन विरोधी कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। प्रदर्शन के दौरान विहिप के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने कहा कि धर्म परिवर्तन विरोधी कानून समाज की सांस्कृतिक सुरक्षा और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह कानून उन अवैध गतिविधियों पर रोक लगाता है जिनके माध्यम से महिलाओं, युवतियों और कमजोर वर्गों को लालच, दबाव या छलपूर्वक धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि यह कानून कमजोर पड़ा या समाप्त किया गया, तो यह न केवल सनातन धर्म बल्कि पूरे समाज की संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। आलोक गर्ग ने कहा कि धर्म परिवर्तन रोकने वाला यह कानून हिंदू समाज की सुरक्षा का कवच है। इसे समाप्त करने का कोई भी प्रयास हिंदू आस्था और भारतीय संस्कृति पर सीधा प्रहार होगा।

# एडवांस फेशियल एस्थेटिक्स कोर्स के चौथे संस्करण का पहला मॉड्यूल सफलतापूर्वक संपन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर के पीरियडोनटोलॉजी विभाग द्वारा 8, 9 एवं 11 अक्टूबर को चौथे एडवांस फेशियल एस्थेटिक्स कोर्स के पहले मॉड्यूल का सफल आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से आए 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एम.डी.एस. विद्यार्थी और फैकल्टी सदस्य शामिल थे। यह कोर्स डेंटोमैक्स इंटरनेशनल एकेडमी और प्रोफी विश्वविद्यालय (उज्बेकिस्तान) के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से चेहरे की सुंदरता को बढ़ाने की तकनीकों की जानकारी देना और मरीजों के लिए समग्र उपचार के नए विकल्पों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस आयोजन का नेतृत्व आई.टी.एस- द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने बताया कि आज के समय में मरीज केवल उपचार ही नहीं, बल्कि चेहरे की सुंदरता और आत्मविश्वास से जुड़ी संपूर्ण देखभाल चाहते हैं। इस कोर्स का उद्देश्य चिकित्सकों को इस दिशा में प्रशिक्षित करना और मरीजों को सौंदर्य चिकित्सा की जागरूकता से जोड ?ा है। कार्यक्रम में डॉ. आशीष कुमार सिंह, डॉ. गौरव तिवारी और डॉ. श्वेता गुप्ता जैसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फेशियल एस्थेटिक्स विशेषज्ञ अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने फेशियल एस्थेटिक्स के विभिन्न पहलुओं जैसे केमिकल पील्स, बोटॉक्स, लेजर हेयर रिडक्शन, डर्मल फिलर्स और प्लेटलेट डिराइव्ड प्रोटोकॉल्स पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. आशीष कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने कॉस्मेटिक डेंटिस्ट्री के अंतर्गत चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के आधुनिक उपचार विकल्पों का प्रदर्शन किया और प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया। पहले दिन प्रतिभागियों को फेशियल एस्थेटिक्स की बुनियादी अवधारणाओं और प्लेटलेट डिराइव्ड पीआरपी तकनीक से परिचित कराया गया। दूसरे दिन स्कैल्प और चेहरे की एनाटॉमी, माइक्रोनीडलिंग और मेसोथेरेपी की जानकारी दी गई। तीसरे दिन जी.एफ.सी. प्रोटोकॉल, उन्नत प्लेटलेट डेरिवेटिव्स और एक्सोसोम्स आधारित उपचार तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। तीनों दिनों में प्रतिभागियों को वास्तविक मरीजों पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण का अवसर मिला, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। वक्ताओं ने आई.टी.एस डेंटल कॉलेज द्वारा इस तरह के ज्ञानवर्धक और कौशलविकास केंद्रित आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि इससे दंत चिकित्सकों को अपनी सीमाओं से परे जाकर चेहरे के सौंदर्य और आत्मविश्वास से जुड़ी चिकित्सा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को एक अविस्मरणीय और प्रेरणादायक अनुभव बताया। उन्होंने आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने फेशियल एस्थेटिक्स के क्षेत्र में दंत चिकित्सकों को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर प्रशिक्षण देने के लिए ऐसा मंच उपलब्ध कराया। आई.टी.एस डेंटल कॉलेज निरंतर नवाचार, अनुसंधान और क्लिनिकल उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत है। कॉलेज का लक्ष्य है कि चिकित्सा शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहे, बल्कि छात्रों और चिकित्सकों को व्यावहारिक दक्षता और वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान किया जाए।

# आईटीएस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन की दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रसिद्ध आईटीएस सेंटर फॉर डेंटल स्टडीज एंड रिसर्च, दिल्ली-मेरठ रोड, मुरादनगर के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने शनिवार को दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता से नई दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट का प्रमुख उद्देश्य आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप द्वारा 14 से 16 नवंबर 2025 तक आयोजित की जाने वाली 32वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजिस्ट्स में भाग लेने हेतु मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी को औपचारिक आमंत्रण देना था। भेंट के दौरान अर्पित चड्ढा ने मुख्यमंत्री को संस्थान की शैक्षणिक, अनुसंधान और सामाजिक उपलब्धियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। श्री चड्ढा ने यह भी अवगत कराया कि संस्थान में विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास, अनुसंधान को बढ़ावा और उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य शिक्षा के लिए अनेक नवीन पहलें की जा रही हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आईटीएस समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आईटीएस जैसी शिक्षण संस्थाएं न केवल विद्यार्थियों का भविष्य संवार रही हैं, बल्कि देश के शैक्षणिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने आगामी राष्ट्रीय सम्मेलन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। इस भेंट को आईटीएस परिवार ने एक गौरवपूर्ण क्षण बताया। वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने मुख्यमंत्री जी की सरलता, दूरदर्शिता और समाज के प्रति उनके संतुलित दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि श्रीमती रेखा गुप्ता एक संवेदनशील एवं प्रेरणादायक नेतृत्वकर्ता हैं, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को समान दृष्टि से देखती हैं और विकास की दिशा में सबको साथ लेकर चलने की भावना रखती हैं।

# दीपावली के अवसर पर गाडियों से अवमानक खोया जब्त कर नष्ट, कीमत लगभग 50 हजार रुपये

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दीपावली के पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने लोनी क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा जांच अभियान के तहत बागपत से आने वाली खोया सप्लाई की गाडियों पर सघन कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान दो गाडियों से कुल 7 खोए के नमूने संग्रहित किए गए और लगभग 250 किलोग्राम अवमानक खोया को जब्त कर नष्ट किया गया। इस अवमानक खोया की अनुमानित कीमत लगभग 50,000 बताई गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में यह खुलासा हुआ कि नष्ट किए गए खोये का संबंध आस मोहम्मद, रिजवान निवासी असारा और मुस्ताक अली निवासी बड़ा बागपत से था, जो गाजियाबाद और दिल्ली में सप्लाई किया जा रहा था। विभाग ने बताया कि यह खोया स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप नहीं था और इसे बाजार में सप्लाई होने से रोकने के लिए कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने दीपावली अभियान के तहत पूरे जिले में दूध और दूध से बने उत्पादों, जैसे पनीर, घी, मिठाइयाँ और खाद्य तेल की भी जांच शुरू की है। अब तक कुल 58 सैंपल जमा कर खाद्य प्रयोगशालाओं में भेजे जा चुके हैं। परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। असिस्टेंट कमिश्नर फूड ग्रेड-2, अरविंद यादव ने बताया कि दीपावली जैसे पर्व के दौरान मिठाइयों और दूध से बने उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए विभाग लगातार सतर्क है। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। विभाग ने जनता से अपील की है कि अगर कोई अवैध या मिलावटी खाद्य सामग्री मिलती है तो तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित करें। अधिकारियों ने यह भी कहा कि बाजार में बेचे जाने वाले सभी खाद्य उत्पादों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है ताकि त्योहारों के समय लोगों की सेहत सुरक्षित रहे।



# फर्जी हस्ताक्षर कर विधवा भाभी के खाते से निकाले 6.30 लाख रुपये

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र के विवेकानंद विहार में रहने वाली सीमा ने अपने जेठ की बेटी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि फर्जी हस्ताक्षर कर उनके खाते से लाखों रुपये और लॉकर से उनके और सास के जेवर निकालकर ले गई है।

एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि विवेकानंद नगर में रहने वाली सीमा के मुताबिक वह विधवा हैं और पीडब्ल्यूडी में नौकरी करती हैं। कम शिक्षित होने के चलते बैंक से रुपये निकालने और जमा करने के लिए अपने जेठ की बेटी सोनम को साथ ले जाती थी। चार दिन पूर्व वह आरडीसी स्थित बैंक में पासबुक में एंट्री कराने गई। जहां पता चला कि वर्ष 2024 से 10 सितंबर 2025 तक उनके खाते से 6.30 लाख रुपये निकाल लिए गए।